Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24

website- www.dvpnews.in

रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 201 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, गुरुवार 30 जनवरी 2025 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

सुविचार

दया भाव जीवन में सुख-शांति प्रदान करता है।

Feelings of mercy bring peace and happiness in life.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

महाकुंभ-संगम तट पर भगदड़

30 लोगों की मौत, 60 घायल

प्रयागराज (विश्व परिवार)। महाकुंभ मेला क्षेत्र के डीआईजी वैभव कृष्ण ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महाकुंभ में हुई भगदड़ में 30 लोगों की मौत हुई है। 90 लोगों को अस्पताल लगाया गया। जिसमें से 30 लोगों ने दम तोड़ दिया, इनमें से 25 लोगों की शिनाख्त हो गई है। जिसमें कर्नाटक के चार, गुजरात के एक श्रद्धालु की मौत हुई है। 60 लोग घायल हैं। बैरिकेड्स टूटने की वजह से भगदड़ हुई।

इधर, प्रशासन ने मौत या घायलों की संख्या को लेकर हादसे के 10 घंटे बाद भी कोई जानकारी नहीं दी है। पीएम मोदी ने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जताई है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने लोगों से संयम बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा-श्रद्धालु संगम पर ही स्नान करने की न सोचें। गंगा हर जगह पवित्र है, वे जहां हैं उसी तट पर स्नान करें।

मृतकों के परिजनों को 25 लाख रुपये

सीएम योगी ने भारी भीड़ को हादसे का कारण बताया। उन्होंने कहा कि 25 लाख रुपये मृतकों के परिजनों को दिए जाएंगे। वह बात करते-करते भावुक हो गए।

महाकुंभ में तीन शंकराचार्यों ने किया स्नान, नागा साधुओं ने तलवार लहराईं; श्रद्धालुओं ने पैरों की धूल बटोरी; हेलिकॉप्टर से फूल बरसाए

प्रयागराज (एजेंसी)। महाकुंभ का बुधवार को 17वां दिन है। मौनी अमावस्या पर सबसे पहले तीन शंकराचार्यों ने अमृत स्नान किया। इसके बाद साधु-संतों ने छोटे-छोटे ग्रुप में अपने इष्टदेव के साथ सांकेतिक रूप से संगम स्नान किया।

जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज रथ पर निकले। नागा साधुओं ने तलवार लहराईं। जयकारे लगाते हुए संगम घाट पहुंचे। निरंजनी अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरि महाराज ने संगम में डुबकी लगाई। हेलिकॉप्टर से संतों और श्रद्धालुओं पर फूलों की बारिश की गई। इससे पहले तड़के अखाड़ों के साधु-संत अमृत स्नान के लिए निकले थे। इस बीच, भगदड़ के बाद संगम पर हालात बेकाबू हो गए। प्रशासन ने तुरंत अखाड़ों से अपील की- स्नान के लिए न जाएं। साधु-संतों ने बैठक की। पहले तय हुआ कि अखाड़ों के साधु-संत मौनी अमावस्या पर स्नान नहीं करेंगे।

भगदड़ और मौतों के बाद बड़े बदलाव

प्रयागराज महाकुंभ में संगम तट पर भगदड़ और मौतों के बाद बदलाव किए गए हैं। पूरे मेला क्षेत्र को नो-व्हीकल जोन घोषित कर दिया गया है। सभी व्हीकल पास रद्द कर दिए गए हैं। यानी मेले में एक भी गाड़ी नहीं चलेगी। रास्ते को वन-वे कर दिया गया है। एक रास्ते से आए श्रद्धालुओं को स्नान के बाद दूसरे रास्ते से भेजा जा रहा है। बुधवार सुबह प्रयागराज से सटे जिलों से आने वाले वाहनों को जिले की सीमा पर रोक दिया गया। शाम 5 बजे के बाद बीच-बीच में एंट्री दी गई है।

आदिवासी ही सबसे बड़ा हिंदू : साय

कबीरधाम के बोड़ला में आयोजित विराट हिंदू संगम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

कबीरधाम (विश्व परिवार)। विधर्मियों और विदेशी ताकतों द्वारा जनजातीय समाज के लोगों को सनातन धर्म से अलग करने का काम किया जा रहा है। जनजातीय समाज को इससे सचेत रहने की जरूरत है। आदिवासी ही सबसे बड़ा हिंदू है, जो आदिकाल से भगवान शिव-माता पार्वती की पूजा करते आ रहे हैं, पेड़-पौधे की पूजा करते आ रहे हैं। कबीरधाम जिले के बोड़ला में आयोजित विराट हिंदू संगम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उक्त बातें कही। इस अवसर पर उन्होंने यज्ञ में हवन-पूजन कर समस्त प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की, साथ ही संत समाज का आशीर्वाद लिया।

सीएम साय ने कहा कि हम लोग कर्मा पूजा करते हैं, कर्मा पूजा को भगवान मानते हैं। हमारी माता-बहनें उपवास रहती हैं, पेड़-पौधे की पूजा करती हैं। जो प्रकृति, पेड़-पौधे, भगवान शिव-माता पार्वती, गौरा-गौरी की पूजा करते हैं, उससे बड़ा हिंदू और कौन हो सकता है। इसलिए हमारे सनातन धर्म को आगे बढ़ाना है, विधर्मियों के बहकावे में नहीं आना है। विष्णु देव साय ने कहा कि बोड़ला में इस विराट हिंदू संगम की शुरुआत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूज्य सरसंघचालक मोहन भागवत जी ने की थी और पिछले 13 वर्षों से इसका आयोजन हो रहा है, आज यहाँ उपस्थित होकर गर्वित महसूस कर रहा हूँ। उन्होंने सर्व हिंदू समाज को जोड़ने, उन्हें सशक्त बनाने के लिए आयोजित इस आयोजन पर समिति के सदस्यों का हृदय से आभार व्यक्त किया।

राजिम कुम्भ कल्प के भव्य आयोजन के विषय में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि पिछले वर्ष से हमने धर्मनगरी राजिम में कुम्भ कल्प का भव्य आयोजन प्रारंभ किया है। इस वर्ष भी यह आयोजन दिव्य होगा। इस कुम्भ कल्प में साधू-संत और श्रद्धालु आते हैं और सनातन धर्म को मजबूती मिलती है। पांच दिवसीय इस हिंदू संगम के समापन समारोह में मुख्यमंत्री साय ने हवन-पूजन के पश्चात आयोजन समिति के सदस्यों और जनजातीय समाज के लोगों संग पारंपरिक रीति से जमीन पर बैठकर भोजन-प्रसाद ग्रहण किया।

'आपदा' की लुटिया यमुना में ही डूबेगी : मोदी

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर पीएम मोदी ने बुधवार को जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने आम आदमी पार्टी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 5 फरवरी को 'आपदा' जाएगी, बीजेपी आएगी। इसके साथ ही उन्होंने अरविंद केजरीवाल अरविंद केजरीवाल के यमुना में जहर वाले बयान पर भी प्रतिक्रिया दी।

दरअसल, पीएम मोदी ने लोगों की भीड़ की ओर इशारा करते हुए कहा कि ये का दृश्य दिल्ली के मूड को दर्शाता रहा, यह दिल्ली के लोगों के जनादेश को दर्शाता है। दिल्ली कह रही है कि अब ब आपदा के बहाने के नहीं चलेंगे। दिल्ली कह रही है अब 'आपदा' के फर्जी वादे नहीं चलेंगे। दिल्ली कह रही है कि 'आपदा' की लूट और झूठ नहीं चलेगी। यहां के लोग भाजपा की ऐसी डबल इंजन सरकार चाहते हैं जो गरीबों के कल्याण और दिल्ली के विकास दोनों पर एक साथ कामक करें। दिल्ली एक ऐसी सरकार चाहती है, जो गरीबों के लिए घर बनाए दिल्ली को आधुनिक बनाए, हर घर नल से नल से जल पहुंचाएं और टैंकर माफिया से मुक्ति दिलवाएं। आज दिल्ली कह रहा है कि 5 फरवरी आएगी तो 'आपदा' जाएगी और भाजपा आएगी।

रायपुर, दुर्ग-भिलाई, बिलासपुर में IT रेड

रायपुर (विसं)। छत्तीसगढ़ में आयकर विभाग ने छापा मारा है। आयकर विभागों की टीमों ने रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग-भिलाई के कारोबारियों के ठिकानों पर दबिश दी है। रायपुर में सत्यम बालाजी राइस मिल ग्रुप से जुड़े कई कमीशन एजेंट्स के दफ्तर और घर पर रेड पड़ी है। आज (बुधवार) सुबह छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के नंबर प्लेट वाली वाइट और सिल्वर गाड़ियों से अधिकारी पहुंचे हैं। दस्तावेजों की जांच चल रही है।

इसरो की ऐतिहासिक उड़ान, लॉन्च किया एनवीएस-02

श्रीहरिकोटा (एजेंसी)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने इतिहास रच दिया है। इसरो ने बुधवार सुबह आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से प्रक्षेपण यान जीएसएलवी-एफ15 के जरिए अपना 100वां मिशन, एनवीएस-02 नेविगेशन सैटेलाइट लॉन्च किया है। दरअसल, जीएसएलवी-एफ15 रॉकेट ने सुबह 6:23 बजे उड़ान भरी, जिसमें एनवीएस-02 नेविगेशन सैटेलाइट अंतरिक्ष में पहुंचाया गया। यह लॉन्च इसरो की एक बड़ी उपलब्धि है, जो देश की अंतरिक्ष अनुसंधान क्षमताओं को दर्शाती है।

इसरो ने इस महत्वपूर्ण लॉन्च के बारे में एक्स के जरिए जानकारी दी। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा, जीएसएलवी-एफ15 ने सफलतापूर्वक उड़ान भरी है, एनवीएस-02 को उसकी निर्धारित कक्षा में ले गया है। इसरो ने एक अन्य पोस्ट में लिखा, मिशन सफल! जीएसएलवी-एफ15/ एनवीएस-02 मिशन सफलतापूर्वक पूर्ण हो गया है। भारत अंतरिक्ष नेविगेशन में नई ऊंचाइयों पर पहुंच गया है।

वसंत पंचमी को सम्मान सभा, दण्डी स्वामी बनकर डॉ. इन्दुभवानन्द महाराज 31 को आएंगे रायपुर

रायपुर (विश्व परिवार)। द्वारका शारदा पीठाधीश्वर श्रीमद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानन्द सरस्वती महाराज से दण्ड सन्यास दीक्षा के उपरांत दण्डी स्वामी डॉ. इन्दु भवानन्द महाराज का 31 जनवरी को प्रथम नगर आगमन हो रहा है।। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा कमल बिहार श्री शंकराचार्य चौक डुमरतराई से श्री जगदुरु शंकराचार्य आश्रम बोरियाकला रायपुर तक निकाली जाएगी। भव्य स्वागत शोभायात्रा व दर्शन दोपहर दो बजे से शुरू होगी। वसंत पंचमी तीन फरवरी को सुबह 11.30 बजे से सम्मान सभा श्री जगदुरु शंकराचार्य आश्रम में होगी। इससे पहले प्रात: काल 6 बजे मंगला आरती, 8 बजे से 10 बजे तक भगवान् सिद्धेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक, श्री गणेश श्री हनुमान श्री भैरव पूजन होगा। सुबह 10 बजे से भगवती राजराजेश्वरी महात्रिपुर सुन्दरी ललिता प्रेमाम्बा महारानी का पूजन श्रृंगार आरती होगी। सुबह 11 बजे श्री यंत्र अर्चन महा सरस्वती पूजन लेखनी पूजन होगा। सुबह 11:0 चौसठ योगनी पूजन के बाद दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक सम्मान सभा होगी। तत्पश्चात दोपहर 1:30 से भोग भंडारा होगा।

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का प्रथम समाधि स्मृति महामहोत्सव 1 से 6 फरवरी तक डोंगरगढ़ में

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित वरिष्ठ राजनेता एवं समाज सेवीजन भाग लेंगे

डोंगरगढ़ चंद्रगिरी तीर्थ (विश्व परिवार)। संत शिरोमणि, समाधि सम्राट आचार्य 108 विद्यासागर जी महाराज का प्रथम समाधि स्मृति महामहोत्सव डोंगरगढ़ में आगामी 1 से 6 फरवरी तक उनके समाधि स्थल पर श्री 1008 सिद्ध चक्र महामंडल विधान के साथ आयोजित किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि आचार्य श्री ने अपने तपस्वी जीवन के शिखर पर स्वयं ही संलेखनापूर्वक समाधिमरण रूपी कलशारोहण कर के जीवन को कैसे जीना और कैसे उपसंहार करना सिखा दिया था और छत्तीसगढ़ के इस तीर्थ क्षेत्र चंद्रगिरी डोंगरगढ़ में समाधिस्थ हो गए थे। इसी स्थान पर 'समाधि स्मारक' का भव्य निर्माण किया जाना है।

तिथि अनुसार 6 फरवरी को यहां मुख्य समाधि स्मृति महा महोत्सव संपन्न होगा। कार्यक्रम के विस्तृत विवरण अनुसार 1 फरवरी से 6 फरवरी तक श्री 1008 सिद्धचक्र महामंडल विधान का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर आचार्य श्री के अष्टधात्वीय 108 चरण चिन्ह की प्रतिष्ठापना एवं वृक्षारोपण का आयोजन किया जा रहा है।

आयोजन हेतु नवाचार्य विद्यानिधि श्री 108 समय सागर जी महाराज ससंघ का आशीर्वाद प्राप्त है।

छह दिवसीय महोत्सव में पूज्य निर्यापक श्रवण मुनि श्री समता सागर जी, मुनि श्री पवित्र सागर जी महाराज, मुनि श्री आगम सागर जी महाराज, मुनि श्री पुनीत सागर, ऐलक श्री निश्चय सागर जी महाराज, एलक श्री निजानंद सागर जी महाराज एलक श्री धैर्य सागर जी एलक श्री स्वागत सागर जी छुल्लक श्री संयम सागर जी का सानिध्य प्राप्त हो है। साथ ही आर्यिका श्री गुरुमति माताजी ससंघ, आर्यका श्री दृढ़ मति माताजी ससंघ एवं आर्यिका श्री आदर्श मति माताजी ससंघ विराजमान रहेंगी।

इस भव्य, विशाल धार्मिक आयोजन में केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह राज्यसभा सांसद श्री नवीन जैन आगरा सहित कई महत्वपूर्ण राजनेताओं वरिष्ठ समाज सेविजनों द्वारा अपनी सहभागिता दी जावेगी।

इस आयोजन में भारी संत समागम सहित धार्मिक आयोजनों का लाभ समाज को मिलेगा। विभिन्न आकर्षक संस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी 1 से 6 तारीख तक किया जा रहा है। आयोजन समिति द्वारा तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। धार्मिक अनुष्ठान विधान में सम्मिलित होने वाले महानुभावों के लिए आवास भोजन की उचित व्यवस्था समिति द्वारा की गई है।

इस आयोजन हेतु आचार्य श्री विद्यासागर समाधि स्थली चंद्रगिरी तीर्थ डोंगरगढ़ के अध्यक्ष श्री विनोद जैन %बडजात्या% श्री दि.जैन चंद्रगिरी तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष सि. किशोर जी जैन एवं श्री दिगंबर जैन सर्वोपयोगी धार्मिक न्यास मुंबई से श्री प्रभात जी मुम्बई ने महा महोत्सव में द्वारा देश भर की जैन समाज का आमंत्रित किया गया है।

दैनिक
विश्व परिवार

रायपुर/दुर्ग-भिलाई/बलौदाबाजार

रायपुर, गुरुवार 30 जनवरी 2025

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

संक्षिप्त समाचार

सरस्वती शिशु मंदिर टिकरापारा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

रायपुर (विश्व परिवार)। सरस्वती शिशु मंदिर टिकरापारा में गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2025 के अवसर पर ध्वजारोहण किया गया ध्वजारोहण श्री प्रेमकिशोर शर्मा भगवताचार्य द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर विद्यालयीन छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रतिभगियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत श्रीमती चंपा देवी इंदिरा देवी जैन चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर श्री जावेद अंसारी उप पुलिस अधीक्षक श्री करुण सरोज सहायक उप निरीक्षक पुलिस समाज सेवी श्री पीयूष जैन डॉ भारती शाण्डिल्य दंत चिकित्सक श्री बद्रीनाथ केसरवानी प्रान्त श्री रामकुमार वर्मा श्री संजय जोशी व्यवस्थापक सरस्वती शिशु मंदिर टिकरापारा रायपुर शाला की प्रधानाचार्या श्रीमती हेमलता यादव सहित समस्त शिक्षिकाये उपस्थित थी।

कांग्रेस में टिकट कटने से मचा घमासान, कार्यकर्ताओ ने व्यक्त की अपनी नाराजगी

रायपुर (विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ में नगर निगम चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी में टिकट वितरण के बाद असंतोष का माहौल बन गया है। कई मौजूदा पार्षदों और

जोन अध्यक्षों को इस बार टिकट नहीं दिया गया, जिससे नाराजगी सामने आ रही है। सोशल मीडिया पर अपनी भावना व्यक्त करने के बाद कुछ नेताओं ने पार्टी छोड़कर निर्दलीय चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। इसी बीच वार्ड क्रमांक 64 से कांग्रेस नेता भूपत महोबिया ने पार्टी छोड़, निर्दलीय चुनाव लड़ने का फैसला लिया है। भूपत महोबिया ने मीडिया से चर्चा करते वक्त अपनी नाराज़गी कांग्रेस पार्टी के प्रति व्यक्त की। उन्होंने कहा की कई वर्षो से पार्टी की सेवा करने के बाद भी उन्हें हर बार निराशा हाथ लगी है। आगे कहा विगत कुछ दिनों पहले पार्टी से जुड़े व्यक्ति को टिकट दे दिया गया है। साथ ही उन्होंने पार्टी के ऊपर आरोप लगाते हुए कहा लेन-देन की वजह से उसे टिकट दिया गया है। मीडिया के सामने भूपत महोबिया ने नियुक्ति पत्रों को जलाकर अपना विरोध जताया।

जिला प्रशासन के नोटिस के बाद श्री सीमेंट प्रबंधन ने परिसंकटमय पदार्थ के उपयोग पर लगाई रोक

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार सयंत्र परिसर के भीतर दुर्गंध नियंत्रण ईकाई की भी हुई स्थापना

जिला प्रशासन सयन्त्र द्वारा प्रस्तुत अंतिम जवाब अवलोकन कर की जाएगी अग्रिम कार्यवाही

बलौदाबाजार (विश्व परिवार)। जिला प्रशासन के नोटिस के बाद जिले के सिमगा ब्लॉक स्थित श्री सीमेंट्स संयंत्र प्रबंधन द्वारा अपने संयंत्र में परिसंकट मय पदार्थ के उपयोग पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। श्री सीमेंट सयंत्र के द्वारा प्रस्तुत अंतरिम जवाब में खपराडीह संयंत्र में परिसंकटमय पदार्थों के उपयोग में तत्काल प्रभाव से रोक लगा दिये जाने तथा संयंत्र प्रबंधन द्वारा भविष्य में इस प्रकार के पदार्थ का उपयोग अल्टरनेट फ्यूल रॉ मटेरियल के रूप में उपयोग नहीं किये जाने के निर्णय से जिला प्रशासन को अवगत कराया गया है। इसके साथ ही श्री सीमेंट सयंत्र के द्वारा निर्धारित मापदण्ड के अनुसार शेड निर्माण, नाली एवं न्यूट्रलाईजेशन पिट निर्माण का कार्य द्रुत गति से प्रांरभ किये जाने, संस्थान के अंतर्गत कामगारों की समुचित सुरक्षा के दृष्टिकोण से सुरक्षात्मक उपकरणों का प्रबंधन किये जाने तथा अल्टरनेट फ्यूल रिसोर्स के निस्तारण हेतु मानक कार्य पद्धति (एसओपी) के अनुसार ही कार्य किये जाने की समुचित व्यवस्था किये जाने तथा इसी संबंध में समस्त जानकारियों को प्रावधानानुसार प्रदर्शित कर दिये जाने की जानकारी दी गई। प्रस्तुत नोटिस में संयंत्र परिसर के भीतर दुर्गंध नियंत्रण ईकाई की स्थापना कर दिये जाने की जानकारी दी गई है। कलेक्टर श्री सोनी ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा संयंत्र प्रबंधन द्वारा प्रस्तुत अंतरिम जवाब का अवलोकन किया जा रहा है। इसके बाद प्रस्तुत अंतिम जवाब का अवलोकन करने के पश्चात अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रशाससन की पूरी संवदेना प्रभावित बच्चों और उनके परिवार के साथ है।

कलेक्टर श्री दीपक सोनी द्वारा विगत दिनों संयंत्र के ए.एफ.आर क्षेत्र में उत्पन्न तीक्ष्ण दुर्गंध के कारण स्कूली बच्चों के सेहत पर दुष्प्रभाव के मामले को गंभीरता से लेते हुए सुरक्षा की दृष्टि से ए.एफ.आर. क्षेत्र सील करने की कार्रवाई के साथ नोटिस भी जारी किया गया था।

भाजपा की नामांकन रैली विधायक गजेन्द्र ने किया कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन

दुर्ग (विश्व परिवार)। दुर्ग निगम चुनाव के लिए भाजपा द्वारा घोषित महापौर एवं पार्षदों ने अंतिम दिन अपना नामांकन दाखिल किये। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, राष्ट्रीय नेत्री सरोज पाण्डेय एवं विधायक गजेन्द्र यादव के साथ सभी प्रत्याशीयों ने कलेक्टरेट में नामांकन जमा कर रैली के साथ सभा स्थल पहुंचे और शहर सरकार से कांग्रेस को हटाकर भाजपा का परचम लहराने अपील की।

बीते 5 साल में कांग्रेसी महापौर द्वारा किये भ्रष्टाचार को उजागर करते हुए भाजपा सरकार की एक साल की उपलब्धि पर मुहर लगाने अपील किये। भाजपा प्रत्याशी अलका बाघमार ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ कलेक्टोरेट जाकर नामांकन का दूसरा से दाखिल किये। नामांकन पश्चात् पुराना बस स्टैंड में सभा का आयोजन किया गया जहां भाजपा नेताओं ने निगम चुनाव में सभी प्रत्याशी को ऐतिहासिक जीत दिलाने कार्यकताओ में ऊर्जा का संचार किये। नगरीय निकाय चुनाव के लिये मंगलवार को नामांकन का अंतिम दिन है। दुर्ग निगम चुनाव के लिए महापौर एवं पार्षदो को चुनने 11 फरवरी को मतदान किया जाना है। हजारों की संख्या में पहुँचे कार्यकर्ताओं को उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पाण्डेय ने सम्बोधित करते हुए बीते पांच साल से दुर्ग की जनता कांग्रेस सरकार का दंश झेल रही है अब इन्हे उखाड़ फेकना है। दुर्ग निगम में बैठकर कांग्रेसियों ने सिर्फ भ्रष्टाचार किया है। जनता को पानी, बिजली और सफाई जैसे आवश्यक कार्य को भी ठीक से नहीं किये। भाजपा सरकार में किये कार्यों को दिखाकर झूठ बोलते रहे। प्रदेश में विष्णुदेव साय सरकार आते ही गांव, गरीब, किसान, मजदूर, महिला, युवा सभी का सम्मान बढ़ाये है।

विधायक गजेन्द्र यादव ने महापौर प्रत्याशी अलका बाघमार को प्रचंड मतो से विजयी बनाने की अपील करते हुए कहा की मोदी की गारंटी और विष्णुदेव साय के सुशासन में जनता का जीवन खुशहाल हुआ है। दुर्ग शहर में विकास की श्रृंखला बनी हुई है।

उतई नगर पंचायत अध्यक्ष और पार्षद के नामांकन दाखिला में पहुंचे दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर

उतई (विश्व परिवार)। दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत उतई नगर पंचायत अध्यक्ष पद हेतु भाजपा अधिकृत प्रत्याशी सरस्वती नरेन्द्र साहू व सभी 15 वार्ड के पार्षद प्रत्याशी के नामांकन कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित होकर उनका नामांकन पत्र दाखिल कराया। सभी प्रत्याशी को जीत की अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित किया इन्हों ने भारतीय जनता पार्टी से नगर पंचायत अध्यक्ष पद हेतु भारतीय जनता पार्टी अधिकृत प्रत्याशी के रूप में सरस्वती नरेन्द्र साहू व पार्षद पद हेतु अधिकृत प्रत्याशी वार्ड 01 मोतिम ठाकुर वार्ड 02 सोमेन्द्र सोनू राजपूत 03 सुरेन्द्र वर्मा, 04, लक्ष्मीनारायण साहू, वार्ड 05 सतीश कुमार चंद्राकर, वार्ड 06लता सोनवानी वार्ड 07 भीमसेन सिन्हा, 08 तेज बाई सिन्हा, वार्ड 09 चेतन चिंटू सिन्हा वार्ड 10 खूबी राम साहू, वार्ड 11 नारायण देशमुख, वार्ड 12 अनीता नीलम गड़े, वार्ड 13 गीतेश कुमार ठाकुर, वार्ड 14 संगीता रजक वार्ड 15 सुनीता गौतम चंद्राकर ने आज नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने सभी भाजपा अधिकृत प्रत्याशियों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव का शंखनाद हो चुका है। समूचा छत्तीसगढ़, लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए उत्साहित है। पिछले एक वर्ष में हमारी सरकार ने कोने-कोने तक छत्तीसगढ़ को संवारने हेतु पूरी प्रतिबद्धता से कार्य किया है। विकास के ध्येय को फलीभूत करते हुए राज्य ने अभूतपूर्व प्रगति की है।

हमारी सरकार ने प्रदेश में मोदी की गारंटी के सभी बड़े वादों को प्राथमिकता से पूरा किया है। इसका समुचित लाभ नगरीय निकायों और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को मिल रहा है। जिससे जनता का विश्वास पूर्णत: भाजपा पर है, भाजपा की सही नीति और साफ नीयत पर है। नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव लाखों कार्यकर्ताओं का चुनाव है, उनको सम्मानित करने का चुनाव है।

ढेबर की पत्नी अर्जुमन पर कांग्रेस पार्टी ने जताया भरोसा

रायपुर (विश्व परिवार)। कांग्रेस में प्रत्याशियों के घोषणा के बाद से लगातार बगावत देखने को मिल रहा है. पार्टी में विरोध इतना ज्यादा है कि राजधानी रायपुर के 70 में से सिर्फ 66 पार्षदों के नाम की ही घोषणा की गई थी. बाकी 4 नामों को रोक दिया गया था. अब खबर है कि 4 में से 1 नाम फाइनल कर लिया गया है. मौलाना अब्दुल रऊफ वार्ड से कांग्रेस ने पूर्व महापौर एजाज ढेबर की पत्नी अर्जुमन को अपना उम्मीदवार बनाया है. वहीं एजाज ढेबर को पं. भगवतीचरण शुक्ल वार्ड क्रमांक 57 से टिकट मिला है. यानी एक ही घर से दो लोगों को टिकट दिया गया है।

चर्चा है कि प्रत्याशियों को बकायदा फोन कर इस बात की जानकारी दे गई है कि उन्हें नामांकन दाखिल करना है. लेकिन पार्टी की ओर से अभी कोई जानकारी नहीं आई है. नामांकन प्रकिया तो पूरी हो गई है लेकिन शेष 3 सीटों के लिए अभी भी संशय की स्थिति बनी हुई है।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड, दुर्ग

आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि परियोजना संभाग, छ.स्टे.पा.डि.कं. लिमि., दुर्ग के अन्तर्गत जिला-बालोद में आर.डी.एस.एस. योजना के अंतर्गत पूर्ण किये गये 11 के.व्ही. फीडर का विस्तार कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जिसे दिनांक 30.01.2025 को या उसके पश्चात् कभी भी उर्जीकृत किया जा सकता है, अत: लाईनों में लगे हुए खंभे, स्टे एवं तार आदि पर चढ़ने अथवा छूने का प्रयास न करें, इससे घातक दुर्घटना हो सकती हैं, जिसके लिए छ.स्टे. पॉ.डि.कं. लिमि. उत्तरदायी नहीं होगा।

विवरण इस प्रकार हैं-

क्रमांक	11 के.व्ही. फीडर का नाम	प्रभावित ग्रामों का नाम
1.	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र-चिटौद से 11 के. व्ही. पुरूर पम्प फीडर 22.23 कि.मी.	पुरूर, बोरिदकला, बालोदगहन कुम्हारखान, मुड़खुसरा एवं भेजा

विद्युत की बचत कीजिए

(डी. के. भारती)
(9370387) कार्यपालन अभियंता
(परियोजना) संभाग,
छ.स्टे.पॉ.डि.कं. लिमि., दुर्ग

SAMVAD- 42937/ 3

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड, दुर्ग

आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि परियोजना संभाग, छ.स्टे.पा.डि.कं.लिमि., दुर्ग के अन्तर्गत जिला-दुर्ग में 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र सुरगी से 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र-भरदाकला तक 9.00 कि.मी. 33 के.व्ही. लाईन का विस्तार कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जिसे दिनांक 30.01.2025 को या उसके पश्चात् कभी भी उर्जीकृत किया जा सकता है, अत: लाईनों में लगे हुए खंभे, स्टे एवं तार आदि पर चढ़ने अथवा छूने का प्रयास न करें, इससे घातक दुर्घटना हो सकती हैं, जिसके लिए छ.स्टे.पॉ.डि.कं. लिमि. उत्तरदायी नहीं होगा।

विवरण इस प्रकार हैं-

क्रमांक	33 के.व्ही. फीडर का नाम	प्रभावित ग्रामों का नाम
1.	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र सुरगी से 33/11 के. व्ही. उपकेन्द्र-भरदाकला तक	भरदा, कुम्हालोरी, चिरचार एवं सुरगी

विद्युत की बचत कीजिए

(डी. के. भारती)
(9370387) कार्यपालन अभियंता
(परियोजना) संभाग,
छ.स्टे.पॉ.डि.कं. लिमि., दुर्ग

SAMVAD- 42936/ 3

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)फोन नं.-0771-2991574
Email Id: eocghbzone03@gmail.com

आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सामान्य आवास योजनांतर्गत **बोरियाकला रायपुर में स्थित भवन क्रमांक बनयान - II / 60, (1) श्री दिलीप वर्मा पिता स्व. श्री डी. पी. वर्मा, (2) श्रीमती प्रतिमा वर्मा पति श्री दिलीप वर्मा,** के नाम पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का पूर्ण मूल्य जमा कर अपने पक्ष में **दिनांक 17.02.2011** को लीजडीड पंजीकृत उपरांत आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। आबंटी द्वारा **दिनांक 05.07.2022** को हस्तांतरण विलेख (फ्री-होल्ड) निष्पादित करा लिया गया है हस्तांतरण विलेख निष्पादन उपरांत आबंटी द्वारा उक्त भवन को क्रेता **कुमारी स्निग्धा घरामी पिता श्री निरंजन घरामी, निवासी-डेजी-412, ब्लॉक बी, हनुमान मंदिर के पास, तालपुरी इंटरनेशनल कालोनी भिलाई, (छ.ग.)** के पक्ष में **दिनांक 15.03.2024** को विक्रय कर दिया गया है। वर्तमान में नवीन **क्रेता कुमारी स्निग्धा घरामी पिता श्री निरंजन घरामी,** द्वारा उक्त भवन को फ्री-होल्ड पश्चात् अपने नाम पर मण्डल अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं।

अत: उक्त भवन का फ्री-होल्ड उपरांत मण्डल अभिलेख में नाम दर्ज करने के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-03, सेजबहार, रायपुर छ.ग.

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)
शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./17850/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2025
रायपुर दिनांक : 27-01-2025

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 17850
वार्ड का नाम- 36- हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 36 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-**RPR737F00268** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **SMT. MANJU MAKHIJA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O RAJKUMAR MAKHIJA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्री अमीत कुमार चंदवानी** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पिता - श्री अशोक कुमार चंदवानी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्री आर.के. डोंगरे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (2)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)
शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./17847/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2025
रायपुर दिनांक : 27-01-2025

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 17847
वार्ड का नाम- 36- हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 36 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-**RPR737F00256** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **SMT. MANJU MAKHIJA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O RAJKUMAR MAKHIJA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्री दीपक कुमार चंदवानी** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पिता- श्री अशोक कुमार चंदवानी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्री आर.के. डोंगरे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (2)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./17739/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2025
रायपुर, दिनांक 29-01-2025

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 17739
वार्ड का नाम- 18 - बालगंगाधर तिलक वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 18 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR803A0240A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SURAJ SONI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SHIV KUMAR** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **BHARTENDU MAULI TIWARI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O RAGHVENDRA NATH TIWARI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री हितेन्द्र यादव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (1)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /17955/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2025
रायपुर, दिनांक 29-01-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 17955
वार्ड का नाम- 01 - वीर सावरकर नगर वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 01 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR801O00070** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SUDHIR SINGH** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KAMESWAR SINGH** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SURENDER KUMAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAMKUMAR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री आदित्य कुमार हालदार
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-8
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)फोन नं.-0771-2991574
Email Id: eocghbzone03@gmail.com

आम-सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि **सरदार वल्लभ भाई पटेल, थोक बाजार, डुमरतराई, रायपुर** में स्थित दुकान **क्र. बी-169, श्रीमती सोनिया बजाज पति श्री रितेश बजाज,** के नाम पर इस कार्यालय के आदेश **क्रमांक 104 दिनांक 28.06.2024** द्वारा नाम दर्ज किया गया है। नाम दर्ज करने उपरांत उक्त दुकान को **क्रेता श्री गुरूमुख लाल सद्राणी पिता श्री आनंदराम सद्राणी, पता-म.नं.-2, ब्लॉक नं.-ए, अमलीडीह, लालपुर फ्रुट मार्किट के पास, अलौकिक धाम के पीछे, रायपुर (छ.ग.)** के पक्ष में **दिनांक 04.10.2024** को विक्रय कर दिया गया है। वर्तमान में **क्रेता श्री गुरूमुख लाल सद्राणी पिता श्री आनंदराम सद्राणी,** द्वारा उक्त दुकान को फ्री-होल्ड पश्चात् अपने नाम पर नाम दर्ज किये जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: उक्त दुकान के नाम दर्ज करने के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-03, सेजबहार, रायपुर छ.ग.

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email Id- eocghbzone1@gmail.com

आम-सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कबीर **नगर निर्मित ई.डब्ल्यु.एस. फ्लेट कालोनी,** रायपुर में भवन योजना के अतंर्गत, दुकानों / भूखण्डों/भवनों में से भूखण्ड/भवन क्रमांक E.W.S. flate 1/103 First floor **श्री आशिष भोई 2 कोशिल्या पिता/पति 1 श्री मंजीत भोई 2 आशिष भोई** को भाड़ाक्रय / पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा **दिनांक 5-3-2019** को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु **दिनांक 2-1-2025** को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन **श्रीमती महेश्वरी अनंत** पति **श्री गणेश अनंत** के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की हैं।

अत: किसी भी व्यक्ति शासकीय अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जायेंगी।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)फोन नं.-0771-2991574
Email Id: eocghbzone03@gmail.com

आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कालोनी बोरियाकला, जिला रायपुर,** में स्थित दीनदयाल आवास योजनांतर्गत निर्मित फ्लेट **क्र. एल.आई.जी -147, ब्लॉक-10 भूतल श्री कौशल कुमार वैष्णव पिता श्री कृष्णा कुमार वैष्णव निवासी:- म.नं.-34/397, दीनदयाल आवास शिव मंदिर कबीर नगर वॉर्ड नं.-2, टाटीबंध रायपुर तह व जिला-रायपुर (छ.ग.)** के नाम पर इस कार्यालय के आबंटन **आदेश क्र. 9822 दिनांक 17.09.2009** के माध्यम से स्ववित्तीय आधार पर आंबटित है। आबंटी द्वारा फ्लेट का पूर्ण मूल्य जमा कर **दिनांक 04.03.2010** को लीजडीड निष्पादित कराने के उपरांत पत्र **क्रमांक 2827 दिनांक 13.04.2012** को आधिपत्य आदेश जारी किया गया है। मूल आंबटी श्री **कौशल कुमार वैष्णव पिता श्री कृष्णा कुमार वैष्णव,** उक्त फ्लैट को विक्रय अनुमति हेतु आवेदन पत्र, विक्रसय इकरारनामा की छायाप्रति एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त फ्लैट को **क्रेता श्री कुशल राम नेताम पिता श्री छबी लाल नेताम निवासी: 39/321, छत्तीसगढ़ नगर वर्षा किराना स्टोर्स के पास वार्ड-50, टीकरापारा रायपुर (छ.ग.)** के पक्ष में विक्रय हेतु अनुमति प्रदान किया जाना है।

अत: किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन/फ्लेट के विक्रय करने हेतु अनुमति प्रदान करने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-03, सेजबहार, रायपुर छ.ग.

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./17831/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2025
रायपुर दिनांक : 29-01-2025

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 17831
वार्ड का नाम- 60 - चन्द्रशेखर आजाद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 60 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-**RPR652B00654** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **SANTU LAL DAHARIYA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MANGAN DAHARIYA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **ANIL BISEN** पिता/पति श्री/श्रीमती **SHREE RAM BISEN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **MALMA BIKRINAMA, SAPATH PATRA** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - 6
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./17825 /न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2025
रायपुर दिनांक : 29-01-2025

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 17825
वार्ड का नाम- 60 - चन्द्रशेखर आजाद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 60 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR652D00398** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **ABHAY KUMAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE KAUSHAL KUMAR** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **AMBARIN FATIMA** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O PARVEJ KHAN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - 6
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./17899/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2025
रायपुर दिनांक : 29-01-2025

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 17899
वार्ड का नाम- 60 - चन्द्रशेखर आजाद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 60 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR652F01124** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **SMT. SAVITRI DEVI TRIPATHI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **VIRENDRA KUMAR TRIPATHI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SHREE KUMAR PAL** पिता/पति श्री/श्रीमती **NARAYAN PRASAD PAL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - 6
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./17823/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2025
रायपुर दिनांक : 29-01-2025

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 17823
वार्ड का नाम- 60 - चन्द्रशेखर आजाद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 60 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR652G00746** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **SMT. BHARTI SONWANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DILESHWAR SONWANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SHAHIN BEGAM** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O SALAM KHAN ANSARI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - 6
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./17897/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2025
रायपुर दिनांक : 29-01-2025

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 17897
वार्ड का नाम- 60 - चन्द्रशेखर आजाद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 60 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR652F01390** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **RAJNANDANI DEWANGAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **OM PRAKASH DEWANGAN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **CHANDRAKALA SAHU** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O GENDRAM SAHU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - 6
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार

बिलासपुर संभाग

रायपुर गुरूवार 30 जनवरी 2025

कलेक्टर ,एसएसपी ने शांतीपूर्ण त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव सम्पन्न कराने सुरक्षा व्यवस्था तैयारियों की समीक्षा की

गोपाल सिंह विद्रोही

सूरजपुर ब्यूरो(दैनिक विश्व परिवार) – त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्विग्न एवं शांतीपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए मंगलवार, 28 जनवरी 2025 को जिला पुलिस कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर सूरजपुर श्री एस. जयवर्धन एवं डीआईजी/एसएसपी श्री प्रशांत कुमार ठाकुर द्वारा थाना-चौकी प्रभारी व कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पुलिस सुरक्षा व्यवस्था और तैयारियों की समीक्षा कर बार्डर सुरक्षा के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, साथ ही अंतर्राज्जीय व अंतर जिला सीमा से लगे थानों को भी विशेष सतर्कता बरतने एवं गहनता से चेकिंग करने, किसी भी स्थिति में अवैध वस्तुओं का परिवहन न हो यह सुनिश्चित करने तथा चुनाव के दौरान संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर कड़े सुरक्षा प्रबंध के निर्देश दिए। चुनाव के दौरान प्राप्त होने वाले शिकायत पर पूर्ण निष्पक्षता से जांच कार्यवाही करने एवं चुनाव प्रक्रिया को बाधित करने वाले सभी तत्वों से सख्ती से निपटने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर सूरजपुर श्री एस. जयवर्धन ने जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं सुरक्षा के पर्याप्त इंतज़ाम के लिए सभी अधिकारी सजग होकर कार्य करें। उन्होंने प्रशासन व पुलिस अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अपने क्षेत्रों में असामाजिक तत्वों के द्वारा की जाने वाली वारदातों पर पैनी नजर रखें। किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति की संभावना को देखते ही त्वरित व सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि ऐसे संभावित संदिग्ध व्यक्ति जिनसे मतदान के दौरान व्यवधान उत्पन्न होने की आशंका हो उन्हें पाबंद करने में तेजी लाई जाए। सभी मतदान केन्द्रों पर निरंतर भ्रमण शील रहें। उन्होंने प्रभारियों को कहा कि चुनाव के लिए पर्याप्त मात्रा में पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी की ड्यूटी लगाई गई है जो पूरे जिले में सुरक्षा प्रबंध को पुख्ता करेंगी और कहीं भी समस्या होने पर रिस्पांस टाईम में फौरन वहां पहुंचकर वैधानिक कार्यवाही व व्यवस्था को दुरूस्त बनायेगी। पेट्रोलिंग पार्टी को जिन-जिन मतदान केन्द्रों की जिम्मेदारी सौंपी गई है उन्हें रूट पहले से भ्रमण करने एवं चुनाव ड्यूटी के दौरान सभी पुलिस अधिकारियों को वायरलेस सेट रखने के निर्देश दिए।

इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, एसडीएम जगरनाथ वर्मा, डिप्टी कलेक्टर चांदनी कंवर, सीएसपी एस.एस.पैंकरा, एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी, डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप, एसडीओपी सूरजपुर अभिषेक पैंकरा, एसडीओपी प्रेमनगर नरेन्द्र सिंह पुजारी, डीएसपी रितेश चौधरी, अनूप एक्का व जिले के सभी थाना-चौकी प्रभारी मौजूद रहे।

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए नामनिर्देशन पत्र प्राप्त करने हेतु किया गया केंद्रों का निर्धारण

गोपाल सिंह विद्रोही

सुरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)- जिले में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के लिए नामनिर्देशन पत्र प्राप्त करने हेतु केंद्रों का निर्धारण कर दिया गया है। पंच, सरपंच पद के नामनिर्देशन पत्र प्राप्त करने हेतु जनपद पंचायत सूरजपुर में 10 केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों में जनपद पंचायत कार्यालय सूरजपुर के लिए सहायक रिटर्निंग आफिसर श्री नरेन्द्र सिंह उप अभियंता, जल संसाधन सूरजपुर को नियुक्त किया गया है। इस केंद्र में ग्राम पंचायत पर्री, पतरापरा, नमदगिरि, चंदरपुर, चम्पकनगर, लांची, देवीपुर, तिलसिंवा, पचिरा, गिरवरगंज और नयनपुर को सम्मिलित किया गया है।

ग्राम पंचायत भवन बसदेई केंद्र के सहायक रिटर्निंग आफिसर श्री सुनील कुमार पोर्ते, सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी को बनाया गया है। इस केंद्र में ग्राम पंचायत बसदेई, उंचडीह, लाधिमा, नेवरा, नवगई, पीढ़ा, सरमा, पसला, झांसी, नरेशपुर, डुमरिया, तेन्दुपारा सम्मिलित है।

ग्राम पंचायत भवन मानी केंद्र के सहायक रिटर्निंग ऑफिसर श्री सुनील कुमार एक्का, उप अभियंता को बनाया गया है। इस केंद्र में ग्राम पंचायत डेडरी, सलका, मानी, सपकरा, बेलटिकरी, भरतपुर, केतका, जोबगा, लाछा, पोड़ी, गेतरा सम्मिलित किया गया है।

ग्राम पंचायत भवन जयनगर केंद्र के सहायक रिंटर्निंग ऑफिसर श्री अशोक कुमार सोनवानी , कृषि विकास अधिकारी को बनाया गया है। इस केंद्र में ग्राम पंचायत हर्राटिकरा, कन्द्ररई, कोरिया, जमदेई, पेण्डरखी, रतनपुर, जयनगर, तेलईकछार, राजापुर, कैलासपुर को सम्मिलित किया गया है।

ग्राम पंचायत भवन शिवनंदनपुर केंद्र के सहायक रिटर्निंग आफिसर श्री आर.पी.जांगडे उपयंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा को बनाया गया है। इस केंद्र में ग्राम पंचायत गोविंदपुर, कसलगिरी, करमपुर, बीरपुर, शिवप्रसादनगर, कुरूवां, सतपता, गोरखनाथपुर, कुंजनगर, केशवनगर को सम्मिलित किया गया है।

ग्राम पंचायत भवन सिलफिली केंद्र के सहायक रिटर्निंग आफिसर श्री अमित राय, उप अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी सूरजपुर को बनाया गया हैं। इस केंद्र में ग्राम पंचायत पार्वतीपुर, गणेशपुर, कमलपुर, गोपालपुर, परसापारा, करतमा, महेशपुर, सिलफिली, कनकपुर को सम्मिलित किया गया है।

ग्राम पंचायत भवन खरसुरा केंद्र के सहायक रिटर्निंग आफिसर श्री मो. फरहान उपयंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा को बनाया गया है। इस केंद्र में ग्राम पंचायत रामनगर, सरस्वतीपुर, रामपुर, सोहागपुर, खरसुरा, दतिमा, रूनियांडीह, करंजी, झूमरपारा, कुम्दा, गागीकोट, कसकेला, बलरामपुर को सम्मिलित किया गया है।

ग्राम पंचायत भवन कल्याणपुर केंद्र के सहायक रिटर्निंग आफिसर श्री योगेन्द्र मिश्रा उप अभियंता को बनाया गया हैं। इस केंद्र में ग्राम पंचायत अखोराकला, कल्याणपुर, पोड़िया, छतरपुर, मोहनपुर, मंजीरा, सुन्द्ररगंज, हरिपुर, पाठकपुर, बृजनगर, रामेश्वरपुर को सम्मिलित किया गया है।

ग्राम पंचायत भवन लटोरी केंद्र के सहायक रिटर्निंग आफिसर श्री अनिल कुमार को बनाया गया है। इस केंद्र में ग्राम पंचायत अनुजनगर, बिहापुर, तुलसी, गंगापुर, लटोरी, करवां, जगतपुर, गजाघरपुर, द्वारिकानगर, सोनवाही, जुडवानी को सम्मिलित किया गया है।

ग्राम पंचायत भवन अजबनगर केंद्र के सहायक रिटर्निंग आफिसर श्री विनोद कुमार शर्मा को बनाया गया है। इस केंद्र में ग्राम पंचायत सम्बलपुर, आमगांव, महावीरपुर, संजयनगर, रविन्द्रनगर, अजबनगर, मदनपुर, पण्डोनगर, पहाड़गांव को सम्मिलित किया गया है। जनपद पंचायत भैयाथान में 11 केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों में ग्राम पंचायत भवन भैयाथान के लिए सहायक रिटर्निंग आफिसर श्री अमित कुमार ताम्रकर को नियुक्त किया गया है। इस केंद्र में ग्राम पंचायत भैयाथान, झिलमिली, खैरी, मोहली, चौनपुर, समौली, करकोटी को सम्मिलित किया गया है।

इन केंद्रों में जनपद पंचायत भवन सलका के लिए सहायक रिटर्निंग आफिसर श्री अजय कुमार राजवाड़े को बनाया गया हैं। इस केंद्र में ग्राम पंचायत सलका, चन्दरपुर, कोटेया, सत्यनगर, रजबहर, पटियांडांड, बैजनाथपुर 'ब', अधिनापुर, केवटाली को सम्मिलित किया गया है।

इन केंद्रों में ग्राम पंचायत भवन बतरा के लिए सहायक रिटर्निंग आफिसर श्री गानेन्द्र मिश्रा, उपयंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी को बनाया गया है। इस केंद्र में ग्राम पंचायत बतरा, राई, लक्ष्मीपुर, चुनगडी, तेलगंवा, करसू, सोनपुर 'सू' को सम्मिलित किया गया हैं।

इन केंद्रों में ग्राम पंचायत भवन खोपा के लिए सहायक रिटर्निंग आफिसर श्री घनश्याम सिंह सहा.वि.शिक्षा अधिकारी को बनाया गया है। इस केंद्र में ग्राम पंचायत करकोली नया, खोपा, मलगा, कसकेला, केनापारा, बरौल, धरतीपारा को सम्मिलित किया गया है।

इन केंद्रों में ग्राम पंचायत भवन बरपारा के लिए सहायक रिटर्निंग आफिसर श्री विजय कुमार एक्का को बनाया गया है। इस केंद्र में ग्राम पंचायत बरपारा, बरौधी, दुग्गा, धरमपुर, राजकिशोरनगर, सुदामानगर, डुमरिया, बुंदिया को सम्मिलित किया गया है।

इन केंद्रों में ग्राम पंचायत भवन चंद्रमेढ़ा के लिए सहायक रिटर्निंग आफिसर श्री फूलसाय मराबी को बनाया गया है। इस केंद्र में ग्राम पंचायत चंद्रमेढ़ा, अनरोखा, कटिन्दा, पोड़ी, नरकालो, पहाड़अमोरनी, कपसरा, पलमा को सम्मिलित किया गया हैं। इन केंद्रों में ग्राम पंचायत भवन दर्रीपारा के लिए सहायक रिटर्निंग आफिसर श्री लखन राम उपअभियंता को बनाया गया हैं। इस केंद्र में ग्राम पंचायत बैजनाथपुर 'ल', सांवारावां, गोविंदगढ़, परसिया, दर्रीपारा, जमड़ी, घोंसा को सम्मिलित किया गया है।

पीएम विद्यालय में महंत परिवार ने न्योता भोज का आयोजन किया

सुरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)-भटगांव। स्व श्री साधु दास महंत जी के सातवीं पुण्यतिथि के अवसर पर महंत परिवार द्वारा पीएम श्री स्कूल भटगांव कॉलरी में न्योता भोजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया और बच्चों को पौष्टिक खाना खिलाया गया। न्योता भोज के अवसर पर उनकी धर्मपत्नी श्रीमती समारीन बाई महंत उनके पुत्र लक्ष्मण दास महंत -श्रीमती अंजना महंत, लखन दास महंत - श्रीमती सरोजिनी महंत, दया दास महंत- श्रीमती कौशल्या महंत एवं परिवार के अन्य सदस्य हरीश दास महंत- संगीता महंत तरुण दास महंत, भौमिक दास महंत, नमन दास महंत सहित महंत परिवार के सदस्य उपस्थित होकर सभी बच्चों, शिक्षकों और अन्य को न्योता भोजन कराया। इस दौरान स्कूली बच्चों के साथ-साथ स्कूल के शिक्षक श्रीमती तनुजा एक्का शगुन पैकरा, अवधेश कुमार राजवाडे एवं अफ्रोज खान वरिष्ठ पत्रकार, मानिकचंद गुप्ता, वरिष्ठ नागरिक पप्पू मिश्रा एवं अन्य सदस्य गण उपस्थित होकर पौष्टिक भोजन का लुत्फ उठाएं। इस आयोजन के लिए विद्यालय परिवार ने महंत परिवार का आभार व्यक्त किया।

गुपचुप बेचने वाली महिला कार्यकर्ता को बीजेपी ने पार्षद प्रत्याशी बनाया

जांजगीर(विश्व परिवार)। अकलतरा के वार्ड नंबर 11 से भाजपा ने एक गुपचुप बेचने वाली महिला संतोषी कैवर्त्य को अपना प्रत्याशी बनाया है। सीएम साय के सलाहकार पंकज कुमार झा ने कहा, चाय वाले महापौर के बाद अब गुपचुप बेचने वाली बहन संतोषी कैवर्त्य को भाजपा ने पार्षद प्रत्याशी बनाया है। अकलतरा के वार्ड नंबर 11 से प्रत्याशी बनी हैं संतोषीजी। बता दें कि भारतीय जनता पार्टी ने 25 जनवरी को अधिकृत अध्यक्ष और पार्षदों की अधिकृत उम्मीदवारों की घोषणा की है। सूची जारी होते ही पार्टी के नेता चुनावी माहौल को गर्म करने के लिए सड़कों पर उतरकर प्रचार-प्रसार में जुटे हुए हैं। भाजपा के चुनावी दावेदार ने अपने समर्थकों के बीच यह संदेश देने की कोशिश की कि वे शहर की बेहतर सेवा के लिए तैयार हैं।

भटगांव में सरकारी गैरसरकारी संस्थानों में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

सुरजपुर ब्यूरो(दैनिक विश्व परिवार) नगर भटगांव क्षेत्र में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस धूमधाम और हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। सभी शासकीय विद्यालय तथा स्कूलों में ध्वजारोहण किया गया तथा साथ सजा की गई। एसईसीएल महाप्रबंधक कार्यालय में महाप्रबंधक दिलीप एम बोबड़े ने ध्वजारोहण किया। ए डी जुबली इंग्लिश मीडियम स्कूल, सेंट चार्ल्स स्कूल, भारतीय स्टेट बैंक मे भी तिरंगा झंडा फ्हराया गया। नगर पंचायत भटगांव में सीएमओ राजेश कुशवाहा ने झंडा फ्हराया। शासकीय कन्या विद्यालय भटगांव में एसएमडीसी अध्यक्ष आशीष बाजपेई ने झंडा फ्हराया। शासकीय बालक हायर सेकेंडरी विद्यालय मे एसएमडीसी अध्यक्ष अशोक सिंह ने झंडा फ्हराया इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। इस मौके पर प्राचार्य पी आर तोमर सहित शिक्षक और बच्चे उपस्थित थे।

गणतंत्र दिवस का मुख्य कार्यक्रम एसईसीएल प्रबंधन भटगांव के द्वारा स्टेडियम ग्राउंड में आयोजित किया गया जिसमें सभी विद्यालयों के बच्चों ने तथा सुरक्षा कर्मियों ने हिस्सा लिया। मुख्य समारोह में विभिन्न स्कूलों तथा सुरक्षा दस्ता के द्वारा परेड करते हुवे महाप्रबंधक दिलीप एम बोबडे को सलामी दी गई। इस अवसर पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि दिलीप एम बोबडे ने कहा कि बड़े बलिदानों के बाद यह आजादी और मुल्क हमें मिला है, इसको और सुंदर बेहतर और मजबूत बनाने के लिए हम सबको कार्य करने की जरूरत है। बच्चों के हाथ में देश का भविष्य है सभी मेहनत करके अपने लक्षय को प्राप्त करें। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने शानदार परेड की प्रस्तुति दी साथ मे सभी स्कूलों ने अपने-अपनी झांकी का भी प्रदर्शन किया और तथा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

जजों के द्वारा आकलन के पश्चात परेड मे प्रथम पुरस्कार डी ए व्हि पब्लिक स्कूल भटगांव को द्वितीय पुरस्कार सरस्वती शिशु मंदिर को तृतीय पुरस्कार कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को मिला। झांकी में प्रथम पुरस्कार डी ए व्ही पब्लिक स्कूल भटगांव को द्वितीय पुरस्कार ए डी जुबली इंग्लिश मीडियम स्कूल को तृतीय पुरस्कार सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय को दिया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम मे बेहतरीन प्रस्तुति के लिए प्रथम पुरस्कार सेंट चार्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल को दिया गया, द्वितीय पुरस्कार सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय को तथा तृतीय पुरस्कार ए डी जुबली इंग्लिश मीडियम विद्यालय को दिया गया विशेष सहभागिता का पुरस्कार जे के पब्लिक स्कूल भटगांव एवं बालक हायर सेकेंडरी स्कूल भटगांव को दिया गया। इस अवसर पर उप महाप्रबंधक बी आर बिश्नोई, गिरीश राय, राजकुमार देवांगन श्रमिक नेता संजय सिंह,रविंद्र सिंह, मनोज पांडे, अजय शर्मा,संजय सिंह, सतीश तिवारी, जगन्नाथ शर्मा,जगन्नाथ पांडे, सीएमओ राजेश कुशवाहा विद्यालय के बच्चे एवं नागरिक उपस्थित थे

पीएम श्री विद्यालय में भटगांव में वरिष्ठ पत्रकार अफ्रोज खान ने तिरंगा झंडा फ्हराया और आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए देश के लिए कुर्बान हुवे शहीदों को तथा स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया। इस अवसर पर पीएम श्री विद्यालय के छोटे छोटे नन्हे मुन्ने बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया,योग शिक्षक के द्वारा विशेष रूप से प्रशिक्षित बच्चों ने योग से संबंधित करतब दिखाएं। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक मानिकचंद गुप्ता विद्यालय के एसएमडीसी अध्यक्ष रुस्तम खान, उपाध्यक्ष आलम साय राजवाड़े हेड मास्टर कौशल्या महंत शिक्षिका तनुजा एक्का,शगुन पैकरा,अवधेश राजवाड़े शाहिद विद्यालय के बच्चे तथा अभिभावक गण मौजूद थे।

संक्षिप्त समाचार

लोन दिलाने के नाम पर ठगी, आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़(विश्व परिवार)। चक्रधरनगर पुलिस ने ग्रामीणों को लोन दिलाने के बहाने ठगी करने वाले 60 वर्षीय मोहित चौहान को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। आरोपी, मोहित चौहान भजनडिपा मिट्ठुमुड़ा जूटमिल का निवासी है, आरोपी ने ग्राम लोईग की महिला श्रीमती पुनीया भगत और अन्य दो ग्रामीणों को एसबीआई बैंक का कर्मचारी बनकर झांसे में लिया था।आज पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार, पिछले साल जुलाई-अगस्त में मोहित चौहान पीड़ितों के गांव लोईग आया और खुद को बैंक कर्मचारी बताते हुए 8 लाख रुपये का लोन आसानी से दिलाने का वादा किया। आरोपी ने ग्रामीणों से फॉर्म पर हस्ताक्षर कराए और लोन प्रोसेसिंग के नाम पर पहले बैंक में 10ब रूपए जमा करने होंगे कहकर प्रत्येक से 80,000 रुपये की मांग की। पुनीया भगत और दो अन्य महिलाओं ने उसकी बातों में आकर 80-80 हजार रुपये उसे दे दिए।लोन पास होने का इंतजार करते हुए महीनों बीत गए, लेकिन जब किसी के खाते में राशि नहीं आई, तो पीड़ित बैंक पहुंचे। वहां पता चला कि मोहित चौहान बैंक का कर्मचारी नहीं है। ठगी की पुष्टि होने के बाद जब मोहित से संपर्क करने का प्रयास किया गया, तो उसने बातचीत बंद कर दी और फरार हो गया।चक्रधरनगर पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी पर अप.क्र. 51/2025 धारा 318(4), 319(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है और तत्काल आरोपी को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रशांत राव के निर्देशन में सहायक उप निरीक्षक नंद कुमार सारथी मामले की जांच कर रहे हैं। आरोपी के खिलाफ आगे की कार्रवाई जारी है।

सड़क हादसे में युवक की मौत, दो गंभीर

कोरबा(विश्व परिवार)। जिले में आज सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई. जानकारी के मुताबिक, वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन लोगों में एक की घटना स्थल पर मौत हो गई. वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं. यह घटना कटघोरा थाना क्षेत्र की राजकंमा गांव की है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घयलों को अस्पताल पहुंचाया.मृतक का नाम 24 वर्षीय कोनकोना राजकुमार धनवार है. बताया जा रहा कि बाइक में सवार होकर तीनों दोस्त सगाई कार्यक्रम से वापस लौट रहे थे, तभी यह हादसा हुआ है. घटना के बाद पहुंची कटघोरा पुलिस ने शव का पंचनमा कर आगे की कार्यवाही की. वहीं घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज जारी है।

भारी वाहन की ठोकर से एक युवक की मौत, दो गंभीर

कोरबा(विश्व परिवार)। नेशनल हाईवे 130बी पर रजकममा के पास भारी वाहन ने दुपहिया वाहन को टक्कर मार दी। इस घटना में एक युवक की मौत हुई है जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं । पीडितों को कटघोरा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इस घटना पर मर्ग और अपराध दर्ज किया है जांच पड़ताल की जा रही है। कोरबा जिले में कटघोरा पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत वहां से 11 किलोमीटर दूर यह दुर्घटना हुई। बताया गया कि इस हादसे में 24 वर्षीय कोनकोना निवासी राजकुमार धनवार की मौत हुई है। इसी इलाके में अपने समाज में आयोजित एक सगाई कार्यक्रम में शामिल होने के लिए राजकुमार अपने दो दोस्तों के साथ गया हुआ था और कार्यक्रम के बाद लौट रहा था। राजकम्मा पहुंचने पर दूसरी दिशा से आ रहे भारी वाहन ने उसके बाइक को टक्कर मार दी। इस घटना में राजकुमार को काफी चोट आई और आखिरकार उसकी जिंदगी समाप्त हो गई। दुपहिया पर सवार दो अन्य लोग घायल हुए हैं। राहगीरों के माध्यम से इस घटना की जानकारी पुलिस को दी गई जिसे मौके पर पहुंच पीड़ितों को अस्पताल भिजवाने की व्यवस्था की।

शादी का झांसा देकर अनाचार

जांजगीर-चाम्पा(विश्व परिवार)। नवागढ़ पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी मनोज प्रधान को गिरफ्तार करके उसे न्यायिक रिमांड में भेज दिया है। पुलिस ने मामले में आरोपी मनोज प्रधान के खिलाफ धारा 363, 366, 376, (2)(3) एवं पॉक्सो एक्ट 4, 6 के तहत कार्रवाई की है। गिरफ्तार आरोपी युवक मनोज प्रधान, महंत गांव का रहने वाला है। दरअसल, थाना क्षेत्र के पीड़ित ने 22 नवंबर 2023 को बताया था कि उसकी नाबालिग लड़की को कोई व्यक्ति भगा ले गया है। अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी हुई थी। घटना के बाद से आरोपी फरार हो गया था। पुलिस आरोपी खोजबीन में जुटी हुई थी। इधर, नवागढ़ पुलिस ने आरोपी युवक मनोज प्रधान को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर बताया कि नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर दिल्ली ले जाकर दुष्कर्म किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से नाबालिग लड़की को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार करके उसे न्यायिक रिमांड में भेज दिया है।

संपादकीय

अफगानिस्तान में पश्तूनावली की चेतना

कुलदीप चंद अग्निहोत्री

यही मूल अंतर है जिसे पाकिस्तान के लोग तो शायद समझ रहे हैं, लेकिन अपने राजनीतिक स्वार्थों के कारण वहां के हुक्मरान नहीं समझ रहे। पाकिस्तान के हुक्मरान अपने देश के लोगों को इस्लाम के नाम पर उनकी सनातन सांस्कृतिक चेतना से तोडऩा चाहते हैं। पश्तून इसके लिए तैयार नहीं हैं। न तो डूरंड रेखा के इस ओर के पश्तून और न ही उस ओर के पश्तून। यही कारण है कि दशकों तक तालिबान की मदद के बावजूद आज फिर पाकिस्तान और अफगानिस्तान की तालिबान सरकार आमने-सामने हैं और और भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी तालिबान सरकार के विदेश मंत्री से सार्थक बातचीत कर रहे हैं। पाकिस्तान को पश्तूनावली की सांस्कृतिक चेतना को पहचानना होगा। यही कारण है कि विपरीत परिस्थितियों के बावजूद पश्तून अपने आपको पाकिस्तान की बजाय भारत के ज्यादा नजदीक समझता है अफगानिस्तान की सरकार को किसी भी देश की सरकार ने मान्यता नहीं दी है। चीन सरकार पिछले कुछ अरसे से जरूर उससे पींगे बढ़ा रही थी। पाकिस्तान पिछले लंबे अरसे से अफगानिस्तान को अपने इलाके का पिछवाड़ा मान कर उसके साथ व्यवहार कर रहा था। उसका प्रमुख कारण अफगानिस्तान की भू-राजनीतिक स्थिति कही जा सकती है। अफगानिस्तान पर रूस के हमले ने पाकिस्तान की स्थिति प्रासंगिक बना दी थी। अमेरिका को हर हालत में मध्य एशिया के इस अंतिम देश, जो अभी तक रूस की छत्रछाया में आने से बचा हुआ था, उसको रूस की इस प्रेतछाया से मुक्त करना था। उसे इसके लिए पाकिस्तान का साथ चाहिए था। उसके लिए अमेरिका ने पैसा और हथियार दिया और पाकिस्तान ने पश्तूनों (पठानों) को नए हथियारों का प्रशिक्षण दिया। तालिबान के नाम से पश्तून योद्धाओं की एक नई पौध तैयार हो गई। इसकी तैयारी और प्रशिक्षण में इस्लाम को केन्द्र बनाया गया। यानी रूस के हमले से अफगानिस्तान खतरे में पड गया है। किसी ने यह सवाल नहीं पूछा कि अफगानिस्तान में इस्लाम की रक्षा के लिए आखिर अमेरिका इतना व्याकुल क्यों है? खैर, रूस ने तो अफगानिस्तान को छोड़ दिया। फिर नई सरकार बनी जिस पर आरोप था कि वह अमेरिका की समर्थक है। तालिबान के प्रशिक्षण में जो पाठयक्रम पढ़ाया गया था, उसमें देश की रक्षा के साथ-साथ इस्लाम की रक्षा के भी अध्याय थे। अमेरिका जिस पश्चिमी सभ्यता का रहनुमा है, वह इस्लाम विरोधी है, इसकी भनक भी तालिबान को अब तक लग चुकी थी। इसलिए तालिबान का नया निशाना नई सरकार ही थी। अमेरिका को यह नई सरकार बनानी ही थी ताकि उसका वर्चस्व अफगानिस्तान में बना रहे। उसे इस देश को नियंत्रण में रखना था, जहां तीन साम्राज्य भारत, चीन और रूस मिलते हैं। अब उसे फिर पाकिस्तान की जरूरत थी। इस बार अफगानिस्तान के शहरों में केवल अमेरिका की फौजें ही नहीं थीं, बल्कि उसके साथ अमेरिका के सहयोगी यूरोप के अन्य देशों की फौजें भी थीं। पाकिस्तान की स्थिति और भी प्रासंगिक हो गई। वह ओसामा बिन लादेन को छिपा भी रहा था और मरवा भी रहा था। तालिबान को भी पाकिस्तान की जरूरत थी। अमेरिका को तो थी ही। लेकिन इस लम्बी लड़ाई में जब हर रोज अमेरिकी सैनिकों के ताबूत वाशिंगटन डीसी में पहुंचने लगे तो अमेरिका के लोग ही नक्शे में अफगानिस्तान की तलाश करने लगे और उसे अमेरिका से इतनी दूर देख कर सवाल करने लगे कि आखिर इतने दूर के देश में हम अपने जिंदा सैनिकों को लाशें में, क्या प्राप्त करने के लिए तबदील कर रहे हैं? इस सवाल का जवाब सरकार के लिए आम जनता को देना मुश्किल था। जब जवाब देना मुश्किल हो गया तो 'सैम अंकल' ने पश्तूनों के देश से निकल आने का ही फैसला कर लिया। जाहिर है वे सत्ता तालिबान को सौंप कर ही आते। तालिबान से समझौता करने में फिर पाकिस्तान की जरूरत थी। अपने सारे हथियार वहीं छोडक़र अमेरिका तो 2021 में काबुल से चला गया। अब राष्ट्रपति अब्दुल गनी की सरकार और तालिबान की सेना आमने-सामने थी। जाहिर है पाकिस्तान तालिबान के साथ था या यूं कहा जा सकता है कि वह अब्दुल की सरकार को उखाडक़र पाकिस्तान समर्थक सरकार बनाने का प्रयास कर रहा था। अगस्त 2021 में अब्दुल गनी को भागना पड़ा और काबुल में तालिबान की सरकार बन गई, जिसे पाकिस्तान गलती से अपनी सरकार मानने लगा। अपनी सरकार यानी भारत विरोधी सरकार। दरअसल काबुल की सरकार को वह अपनी सरकार दो कारणों से मान रहा था। पहला कारण तो यह था कि पाकिस्तान ने तालिबान का निर्माण किया था और दूसरा यह कि तालिबान भी इस्लाम की रक्षा के लिए लड़ रहा था और पाकिस्तान का तो जन्म ही इस्लाम की रक्षा के लिए हुआ था। सब देशों ने अपने दूतावास काबुल में बंद कर दिए। भारत ने प्रतीकात्मक रूप से अपना दूतावास बनाए रखा। इस आकलन में इस्लामाबाद शायद एक भूल कर गया। वह भूल डूरंड रेखा को न समझ पाने की थी। ब्रिटिश सरकार भारत से जाने और विभाजित करने से पहले अफगानिस्तान और भारत के मध्य में एक रेखा खींच गई थी, जिसे डूरंड रेखा कहा जाता है। लेकिन पश्तून इस डूरंड रेखा के दोनों ओर रहते हैं। अंग्रेजों के भारत में आने से पहले यह डूरंड रेखा नहीं थी, पश्तून पूरे देश में घूमते थे। कुछ सौ साल पहले इस्लाम स्वीकार करने के बावजूद उनकी सांस्कृतिक चेतना नहीं बदली थी। लेकिन डूरंड रेखा ने उनको बांटने की कोशिश की। इतना ही नहीं, उसके बाद पाकिस्तान बना कर उन्हें हिंदुस्तान से काट दिया। अब तक के पश्तूनों के हुए सबसे बड़े नेता खान अब्दुल गफ्फार खान, अंग्रेजों की इसी राजनीतिक गुंडागर्दी से लड़ते रहे थे। 1947 के बाद भी उन्होंने पाकिस्तान को स्वीकार नहीं किया, इसलिए पाकिस्तान की जेलों में सड़ते रहे। वे इस्लाम मजहब के पैरोकार होने के बावजूद पश्तूनों की सांस्कृतिक चेतना से नहीं टूट सके। एक बार मैंने एक पश्तून छात्र से पूछा था, जब आपके यहां दो फरीकों में झगड़ा होता है तो जिरगा (न्याय करने के लिए बैठी पंचायत) में न्याय शरीयत से किया जाता है? शरीयत को वह छात्र इस्लामिक कानून कह रहा था। उसने कहा, न्याय करने से पहले दोनों पार्टियों से पूछ लिया जाता है कि वे निर्णय इस्लामिक कानून से चाहते हैं या पश्तूनावली से। फिर उसी के हिसाब से फैसला होता है। मैंने पूछ लिया कि दोनों में अंतर क्या है, तो उसने थोड़ा उत्तेजित होकर कहा, क्या बात करते हैं, इस्लामिक कानून तो कल की बात है, जबकि पश्तूनावली तो पांच हजार साल पुरानी है। यही मूल अंतर है जिसे पाकिस्तान के लोग तो शायद समझ रहे हैं, लेकिन अपने राजनीतिक स्वार्थों के कारण वहां के हुक्मरान नहीं समझ रहे। पाकिस्तान के हुक्मरान अपने देश के लोगों को इस्लाम के नाम पर उनकी सनातन सांस्कृतिक चेतना से तोडऩा चाहते हैं। पश्तून इसके लिए तैयार नहीं हैं। न तो डूरंड रेखा के इस ओर के पश्तून और न ही उस ओर के पश्तून। यही कारण है कि दशकों तक तालिबान की मदद के बावजूद आज फिर पाकिस्तान और अफगानिस्तान की तालिबान सरकार आमने-सामने हैं और और भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी तालिबान सरकार के विदेश मंत्री से सार्थक बातचीत कर रहे हैं। पाकिस्तान को पश्तूनावली की सांस्कृतिक चेतना को पहचानना होगा। यही कारण है कि तमाम विपरीत परिस्थितियों के बावजूद पश्तून अपने आप को पाकिस्तान की बजाय भारत के ज्यादा नजदीक समझता है। अफगानिस्तान से भारत के संबंध इसी सांस्कृतिक चेतना पर आधारित हैं।

उंगली टेढ़ी करने से परहेज नहीं.....

आतंकवाद के मुद्दे को लेकर पाकिस्तान को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नसीहत और चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि जम्मू-कश्मीर पीओके के बिना अधूरा है। इस क्षेत्र को आतंकवाद के केंद्र के रूप में इस्तेमाल किए जाने का आरोप लगाते हुए रक्षा मंत्री ने इसकी भूमि प्रशिक्षण शिविरों और घुसपैठ गतिविधियों के लॉन्च पैड के तौर पर करने की बात कही। रक्षा मंत्री ने जम्मू-कश्मीर के अखनूर में सशस्त्र बल वयोवृद्ध दिवस रैली को संबोधित करते हुए कहा कि इसकी पक्की जानकारी भारत के पास है, पाकिस्तान को यह बीमारी खत्म करनी होगी, नहीं तो डॉट-डॉट-डॉट। पीओके के लोगों को सम्मानजनक जीवन से वंचित रखने और धर्म के नाम पर उनका शोषण करने की भी उन्होंने चर्चा की। पीओके के प्रधानमंत्री की टिप्पणियों की निंदा करते हुए कहा कि यह जिया-उल-हक के समय से पोषित भारत विरोधी एजेंडा का हिस्सा है। पीओके यानी पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के प्रधानमंत्री अनवर-उल-हक ने बीते हफ्ते जिहादी संस्कृति को फिर जीवित करने की घोषणा की है। जिहाद की वकालत कर, अल-जिहाद के नारे लगवाने के पीछे उनकी मंशा इलाके की शांति भंग कर स्थिरता को ठेस लगाने की है। भारत-पाकिस्तान के दरम्यान 1965 में अखनूर में ही युद्ध लड़ा गया था। 1948, 1965, 1971 से लेकर 99 तक पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ी परंतु घुसपैठ की घटनाएं रुकी नहीं हैं। न ही लगातार अंतरराष्ट्रीय दबाव के बावजूद पाकिस्तान आतंकवाद को समर्थन देने की नीति छोड़ रहा है। सरकार का दावा है कि धारा 370 को हटाने के बाद से जम्मू-कश्मीर में महत्त्वपूर्ण बदलाव नजर आ रहा है। राज्य की अब्दुल्ला सरकार ने भी लचीला रुख अख्तियार किया है। सरकार इस इलाके को भारत के माथे के मुकुट का मणि बताते हुए लंबे समय से दावा कर रही है कि वह पीओके को वापस लेने के प्रति गंभीर है। पाकिस्तान का भारत विरोधी रुख किसी से छिपा नहीं है। शांति के प्रति उदासीन इस पड़ोसी मुल्क के पास आंतरिक समस्याओं का इतना अंबार है कि वह अंतरराष्ट्रीय मसलों के प्रति उपेक्षा भाव अपनाए रहने को मजबूर लगता है। सैनिकों की हौंसलाफजाई तक तो ठीक है परंतु जब उस पर डपट काम नहीं करती तो यूं डॉट-डॉट-डॉट जैसे हफरे का क्या असर हो सकता है।

आलेख

सुरक्षित पुनर्वासन के लिए प्रदर्शन

वीरेन्द्र कुमार पैन्यूली

दिसम्बर 2022 में जोशीमठ में अपने भवनों, सड़कों, खेतों में दिखतीं दरारें, कहीं-कहीं भवनों का तिरछा होता देख तथा पानी के फव्वारे फूटते देख भयंकर जाड़ों में भी दिन-रात भारत-चीन के सीमांत नगर जोशीमठ के निवासी सुरक्षित पुनर्वासन के लिए प्रदर्शन में जुटे थे। इसरो की वेबसाइट के अनुसार अप्रैल- नवम्बर, 2022 के बीच धंसाव 8-9 सेमी. था जबकि दिसम्बर 27, 2022 से जनवरी 8, 2023 के केवल बारह दिनों में यह 5-4 सेमी. था। उन्हीं दिनों अन्य नगरों और गांवों से भी जोशीमठ जैसी स्थितियों के उपजने की खबरें आने लगी थीं। तब उत्तराखंड सरकार ने जोशीमठ सहित एक दर्जन से ज्यादा नगरों की धारण क्षमता का आकलन करवाने की सार्वजनिक घोषणा की थी। पुन: 2024 में चारधाम यात्रा पड़ावों और प्रमुख पर्यटक स्थलों में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की एक ही दिन में हजारों की भीड़ पहुंचने तथा वाहनों से जाम जैसी समस्याओं के परिप्रेक्ष्य में राज्य सरकार ने यात्रा मागरे के पड़ावों और भारी भीड़ से बोझिल नगरों की धारण क्षमता का आकलन करवाने का अपना मंतव्य व्यक्त कर दिया था किन्तु ठोस कार्रवाई न तो 2022 में हुई और न ही 2025 तक भी होती दिखी है। जोशीमठ का परिप्रेक्ष्य जनसंख्या भार और बाहरी आती-जाती भीड़ की बजाय वहां की भूगर्भीय कमजोरियों का है जबकि तीर्थ और पर्यटन स्थलों का मामला भीड़भाड़ का है। जोशीमठ की बसावट एक पुराने भूस्खलन, हिमस्खलन मोरेन हिमोड के ऊपर है। ड्रेनेज पैटर्न की भी समस्या है। हालांकि स्थानीय 'जोशीमठ बचाओ संघर्ष समितिई भूधंसाव और दरारों के लिए एक जल विद्युत परियोजना की कई किमी. की सुरंग और हेलंग बायपास निर्माण को आज भी जिम्मेदार मानती है। निस्संदेह उत्तराखंड के पर्वतीय नगर और गांवों की धारण क्षमता के आकलन की आवश्यकता है परंतु इसके लिए सरकार और आम जन में भी एक समग्र समझ पैदा होना जरूरी है। धारण क्षमता आकलन प्राथमिक समाधान की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि वहनीय क्षमता की लक्ष्मण रेखा को लांघने के जोखिमों के संदर्भ में सचेत होने की प्रक्रिया है। धारण क्षमता जान कर तब फायदा है जब हम उसके प्रति संवेदित हों किन्तु पिछले दो सालों से स्मरण कराया जा रहा है कि दिल्ली से देहरादून का सफर अब सात की जगह दो घंटे का होने वाला है। देहरादून से मसूरी और वहां से होते हुए पर्यटन और तीर्थस्थलों तक पहुंचने में जाम न लगे, पार्किंग में भी दिक्कत न हो, इसके लिए सुरंगें प्रस्तावित हैं। ऋषिकेश से टिहरी बांध झील तक सफर दो घंटे कम हो जाए, इसके लिए भी कई किमी. की सुरंग बनेगी। केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के हवाले से एक समाचार था कि गंगोत्री और यमुनोत्री को जोड़ने वाली उत्तराखंड की सबसे लंबी सुरंग बनाई जानी है। साढ़े चार किमी. लंबी यह राह तीन साल में एक हजार करोड़ रुपये की लागत से बनेगी। सैकड़ों किमी. सुरंग जिन गांवों के नीचे जाएंगी उनसे उन गांवों की धारण क्षमता बढ़ेगी तो नहीं, घटेगी ही। जहां रेलवे सुरंग या जलविद्युत परियोजनाओं की सुरंग गांवों और के नीचे खोदी गई हैं, उन सब के यही अनुभव हैं। खास बात यह है कि ये प्रस्तावित मेगा निर्माण उन क्षेत्रों के बीच से होने हैं जो राज्य के दशकों से आधिकारिक चिन्हित इको सेंसेटिव जोन हैं। टिहरी बांध जलाशय निर्माण के साथ ही उत्तरकाशी से आगे तक भागीरथी इको सेंसेटिव जोन अधिघोषित हो गया था। इसमें कई पारिस्थितिकीय प्रतिबंध लगाए गए थे। देहरादून-मसूरी का क्षेत्र निर्माण कायरे के संदर्भ में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कार्यकाल में ही इको सेंसेटिव क्षेत्र घोषित कर दिया गया था। अब तो हवाई पट्टियों के निर्माण की भी होड़ लगी है। एक साथ अंडे और मांस पाने के लिए मुर्गी को मारने में भी जब कोई गुरेज नहीं तो धारण क्षमता जान कर भी क्या होगा या फिर इसे जाना ही क्यों जा रहा है। ख्याल यह भी रहे कि भीड़ से बदरीनाथ केदारनाथ जैसी जगहों पर कूड़ा प्रबंधन, खुले में शौच रोकना जैसी समस्या भी हो जाती हैं। जोशीमठ जैसे नगरों के भूगर्भीय कारकों को तो बदला नहीं जा सकता। केवल उन कमजोरियों को और कमजोर न करने की दिशा में सचेत रहना होता है। किसी स्थल की धारण क्षमता को केवल इंजीनियरिंग संदर्भ में मृदा परतों पर किसी निर्माण भार की मान्य परिभाषा से इत्तर अभी भी भूगर्भीय हलचल में भूकंपकीय और जलवायु बदलावों के दंशों से निरंतर सहम जाने वाले हिमालयी क्षेत्रीय पारिस्थितिकी परिवेश के संसाधनों पर भार से भी जोड़ कर समझें। जहां मानव के वश के बाहर के इन कारणों के कारण धारण क्षमता के संदर्भ में अंतिम रूप से कभी भी कुछ कहना संभव नहीं होगा।

राष्ट्रीय हितों की रक्षा करना बहुत जरूरी

भारत डोगरा

समय में जब दुनिया बहुत संवेदनशील दौर से गुजर रही है, हमें विश्व स्तर पर अमन-शांति के प्रयासों में भरपूर सहयोग देना चाहिए, पर साथ में अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करना भी बहुत जरूरी है, और इसके लिए हमें बहुत सावधानी से अपनी राह बनानी होगी। यह एक बहुपक्षीय चुनौती है पर फिर भी यदि संक्षेप में कहें तो ये चार राहें हमारे देश को सुरक्षा और समृद्धि की राह पर ले जाती हैं। पहली राह तो यह है कि राष्ट्रीय एकता को बहुत उच्च प्राथमिकता दी जाए और धर्म, जाति, क्षेत्र, रंग, लिंग आदि हर तरह के भेदभाव को समाप्त किया जाए और सभी लोगों को भारतीय नागरिक के रूप में एक से अधिकार, सम्मान और गरिमा प्राप्त हों। यह सरकारी नीति के लिए और लोगों के व्यवहार,दोनों के लिए जरूरी है कि किसी को सामाजिक विषमता, भेदभाव या अनुचित व्यवहार का अहसास न हो। जिन्होंने ऐतिहासिक स्तर पर बहुत विषमता सही है, उनके लिए संवैधानिक स्तर पर जो विशेष लाभ दिए गए वे इस समता के उद्देश्य के अनुकूल हैं, संविधान-सम्मत हैं, और उन्हें भी सम्मान मिलना चाहिए। दूसरी राह यह है कि विभिन्न राजनीतिक दलों और अन्य राजनीतिक-सामाजिक ताकतों में टकराव सीमा से आगे न बढ़े और आपसी मतभेदों के भिन्न विचारों के बावजूद वे बड़े राष्ट्रीय हितों पर एक-दूसरे से सहयोग ही करते रहें। इसके लिए जरूरी है कि एक-दूसरे के विरुद्ध अपमानजनक भाषा या अतिश्योक्तिपूर्ण आलोचना से बचा जाए। लोकतंत्र में तो यह निश्चित है कि विभिन्न राजनीतिक दल और अन्य राजनीतिक-सामाजिक संगठन अपने-अपने विचारों के साथ आगे बढ़ें और एक-दूसरे के विचारों की आलोचना करें। लोकतंत्र का एक बड़ा आधार ही यह है कि ऐसे मतभेद हिंसा और नफरत का रूप न लें और लोकतांत्रिक तौर-तरीकों के आधार पर इन विभिन्न विचारों के बीच बेहतर राह निकाल कर देश आगे बढ़ सके। आज लोकतंत्र में यह भूमिका कई जगह संकटग्रस्त हो रही है। अपने को लोकतंत्र का शिखर मानने वाले पश्चिमी देशों के लोकतंत्र पर भी सवाल उठ रहे हैं। दूसरी ओर, कुछ छोटे-बड़े अन्य देशों में मनभेदों और महत्त्वाकांक्षाओं का टकराव अनियंत्रित हो जाने के कारण गृह युद्ध हो चुके हैं, या हो रहे हैं, जिनमें लाखों निदरेष लोग मारे गए हैं। हम अपने आस-पड़ोस में ही देखें-बांग्लादेश और पाकिस्तान, श्रीलंका और नेपाल-तो स्थिति चिंताजनक ही नजर आएगी। अत: आवश्यक है कि इन अनुभवों से सबक लेते हुए देश के विभिन्न विचारों वाले राजनीतिक दलों और अन्य संगठनों की कुछ ऐसी व्यवस्था बनाएं जिससे उनके आपसी टकराव अनुशासन और शालीनता की सीमा में रहें और अनुचित या अवैध तौर-तरीकों का उपयोग एक-दूसरे के विरुद्ध न किया जाए। तीसरा मुद्दा, जो इससे जुड़ा हुआ है, यह है कि हमें आपसी एकता से तय कर लेना है कि हम विदेशी ताकतों के हाथों में नहीं खेलेंगे। विश्व के जिन देशों में हाल के दशकों में सर्वाधिक विनाश हुआ है, जैसे इराक, अफगानिस्तान, सीरिया, लेबनान, लीबिया, सुडान और सोमालिया आदि, में इस विनाश में सबसे शक्तिशाली विदेशी ताकतों की बड़ी भूमिका रही है। अनेक अन्य छोटे-बड़े देशों में भी इन सबसे शक्तिशाली देशों ने तरह-तरह से अनिश्चय लाने की नीतियां अपनाई, उन्हें कमजोर करने और वहां ऐसे तत्वों को आगे बढ़ाने की कोशिश की जो इन शक्तिशाली देशों का साथ दे सकते हों। इन देशों में यदि ऐसी सरकारें हैं जो बड़ी शक्तियों की मनमानी में बाधा हैं तो इन सरकारों को कमजोर या अस्थिर करने या हटाने तक के प्रयास इन सबसे शक्तिशाली देशों ने किए। अत: इस बारे में हमारे देश में व्यापक एकता बननी चाहिए कि जहां तक बाहरी ताकतों के नापाक इरादों और साजिशों का सवाल है, तो उनका सामना हम एकता से करेंगे। यह देशभक्ति की ऐसी राह है, जिसे हमें कभी नहीं छोड़ना है। चौथी राह यह है कि हमें देश और दुनिया के मूल सिद्धांतों के रूप में अमन-शांति, न्याय और समता, पर्यावरण की रक्षा और सभी जीवों के प्रति करुणा को स्वीकार कर लेना चाहिए। हां, विभिन्न क्षेत्रों और समुदायों के लिए इन सिद्धांतों की व्याख्या अलग हो सकती है और सभी के अपने रीति-रिवाजों और लोकतांत्रिक अधिकारों का तो सम्मान करना ही पड़ेगा। अपने-अपने विचारों और सोच के आधार पर भी विभिन्न व्यक्ति और संगठन इन सिद्धांतों को अलग ढंग से परिभाषित करेंगे और फिर लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के चलते जो तय होगा उस पर ही देश चलेगा और साथ में लोकतांत्रिक बहस भी चलती रहेगी। इन चार रास्तों पर भली-भांति धैर्य, समझदारी और दृढ़ निश्चय और साहस से चला जाए तो ये चारों रास्ते एक ऐसे चौराहे पर मिलते हैं जिसका नाम है देश की स्थाई सुरक्षा और समृद्धि। बढ़ता सैन्य खर्च भी देश को वह सुरक्षा नहीं दे सकता जो ये चार रास्ते दे सकते हैं, बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों का निवेश भी वह समृद्धि नहीं दे सकता जो ये चार रास्ते दे सकते हैं। इस तरह की सोच को लोगों के बीच विशेषकर युवाओं के बीच ले जाना बहुत जरूरी है क्योंकि वे ही तो देश का भविष्य हैं। युवाओं के लिए इसी सोच से जुड़ा यह संदेश है कि इस समय सार्थक और जरूरी बदलाव के लिए सबसे जरूरी कार्य है न्याय, अमन-शांति और पर्यावरण रक्षा पर आधारित एक ऐसा एजेंडा लोगों के बीच ले जाना है, जिसके विभिन्न लक्ष्य एक दूसरे से मेल रखते हों। इसके लिए लोकतंत्र और लोकतांत्रिक प्रक्रियाएं बहुत जरूरी हैं, पारदर्शिता बहुत जरूरी है, खुला विमर्श बहुत जरूरी है। अत: सार्थक सामाजिक बदलाव की राह पर अग्रसर युवाओं को अहिंसा और पारदर्शिता की राह को ही चुनना चाहिए। देश ही नहीं, दुनिया के स्तर पर भी मौजूदा दौर में अहिंसक क्रांति का अर्थ है अधिसंख्य लोगों को समय रहते अमन-शांति, न्याय और पर्यावरण रक्षा के एजेंडे के लिए तैयार करना।

खेल के लिए नकली खेल सामान नहीं चाहिए

भूपिंदर सिंह

खेल सुविधाओं के लिए पलायन करने वालों को भी जब अपने ही राज्य में रह कर अपना प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा करने के लिए सुविधा मिलेगी, तो वे फिर क्यों अपना प्रदेश छोड़ेंगे आज के ओलंपिक खिलाड़ी भी शौकिया न होकर अब पेशेवर हो गए हैं। सदी पूर्व जब जिम थोर्पे के ओलंपिक पदक इस लिए छीन लिए गए थे कि उसने कहीं खेल के नाम पर थोड़ा सा धन ले लिया था। आज अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स महासंघ स्वयं विश्व रिकॉर्ड बनाने पर एक लाख अमरीकी डालर इनाम देता है और भारत में तो कुछ राज्य ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने पर छह करोड़ रुपए भी देते हैं। तभी तो बढिय़ा किस्म के खेल उपकरणों का भी महत्व बढ़ गया है। अभी तक बढिय़ा खेल सुविधाएं विकसित देशों को ही मिल पा रही थी, मगर अब यह सुविधा हर देश को चाहिए, तभी उच्च परिणाम आएंगे। खेलों में आज उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए खेल उपकरणों से लेकर कृत्रिम प्ले फील्ड तक में काफी सुधार किया जा रहा है। अच्छे खेल परिणामों के लिए खेल सामान की क्वालिटी का योगदान भी बहुत महत्वपूर्ण है, मगर खेल सामान की खरीददारी में बहुत बड़ा गोलमाल है। इस विषय पर पहले भी बहुत बार लिखा जा चुका है, मगर अभी तक इसमें कोई भी सुधार नहीं हो पाया है। हिमाचल प्रदेश के जिला युवा सेवाएं एवं खेल विभाग के कार्यालयों व शिक्षा संस्थानों में हर वर्ष करोड़ों रुपए का खेल सामान जैम व अन्य माध्यमों से खेल विभाग व शिक्षा निदेशालय खरीद कर आगे देता है, जो बेहद निम्न दर्जे का होता है। इस कॉलम के माध्यम से बार-बार सरकार को सचेत किया जा रहा है कि इस खरीद पर लगाम लगा कर अच्छी क्वालिटी का खेल सामान प्रदेश के विद्यार्थी खिलाडिय़ों को मिले, ताकि हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ी भी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन कर सकें। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आज खेलों का स्तर बहुत ही ऊपर उठ चुका है। उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर खिलाड़ी पूरे विश्व में अपने देश का डंका बजा रहे हैं। इस अद्भुत खेल प्रदर्शन के लिए उच्च स्तरीय प्रशिक्षकों व प्रतिभाशाली खिलाडिय़ों के साथ-साथ उनके पास स्तरीय खेल किट व उच्च तकनीकी के खेल उपकरणों का होना भी बहुत ही जरूरी होता है। चिकित्सा क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की बीमारियों को ठीक करने के लिए आज प्रौद्योगिकी का सहारा लेकर कई प्रकार के उपकरण विकसित हो

चुके हैं, ठीक उसी प्रकार खेल जगत में भी आज के अति मानवीय खेल परिणामों में विकसित प्रौद्योगिकी का सहारा लेकर बनाई गई आधुनिक खेल सामग्री का विशेष योगदान है। जैसे-जैसे सभ्यता का विकास हो रहा है, हम स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो रहे हैं। इनसान को फिट रहने के लिए किसी न किसी खेल का सहारा लेना पड़ता है। ऐसे में जब लाखों नहीं, करोड़ों खेलेंगे तो उसके लिए खेल उपकरण भी चाहिएं। पूरे विश्व में खेल बहुत बड़ा उद्योग बन कर उभरा है। हमारे देश में आज खेल उपकरणों का उद्योग अरबों रुपए का कारोबार हर वर्ष कर रहा है। खेल किट व खेल उपकरणों के बाजार में अच्छे से अच्छा व घटिया से घटिया सामान उपलब्ध है। जब सरकारी स्तर पर खेल सामान खरीदा जाता है, तो कीमत बढिय़ा या मध्यम स्तर के सामान की होगी और सामग्री निम्न दर्जे की होगी। इस तरह मूल्य उच्च क्वालिटी का तय कर शेष राशि हड़प ली जाती है। व्यापारी व सामग्री खरीदने वाले अधिकारी मिलकर अधिकांश राशि को चट कर जाते हैं। प्रदेश के महाविद्यालयों में जहां अधिकतर खेल सामग्री महाविद्यालय प्रशासन स्वयं खरीदता है, वहीं पर कुछ खेल सामान पहले शिक्षा निदेशालय मटीरियल्स एंड सप्लाई के अंतर्गत खरीद कर महाविद्यालय को दिया जाता था और अब जैम के माध्यम से खरीदा जा रहा है। मटीरियल्स एण्ड सप्लाई के अंतर्गत खरीदा गया खेल सामान बिल्कुल घटिया किस्म का मिलता रहा है। निम्न दर्जे के हाई जम्प व कबड्डी मैट, मुक्केबाजी रिंग व अन्य खेलों के घटिया उपकरण इसके उदाहरण आज भी देख जा सकते हैं। इस स्कीम के अंतर्गत खरीदे जिम एक साल तो दूर, कुछ महीनों बाद ही कबाड़ हो जाते हैं। लाखों रुपए का खेल सामान तो खरीद लिया, मगर यह कोई नहीं सोचता है कि यह काम में भी लाया जा सकता है या नहीं। इस खेल सामान खरीदने के लिए बनी कमेटी में निदेशालय के अधिकारी व बाबू होते हैं जिन्होंने अपनी जिंदगी में शायद ही कोई खेल खेला हो और जो थोड़ा बहुत खेल खेले हैं और खेल सामान की परख भी रखते हैं, वे भी अपने थोड़े लाभ के लिए आंखें बंद कर लेते हैं। आज जब खेल में स्वास्थ्य स्कीम के अंतर्गत कई करोड़ रुपयों की कृत्रिम प्ले फील्ड जूडो, कुश्ती व खो-खो आदि खेलों के लिए खरीद कर विद्यालयों व महाविद्यालय को दी जा रही है, जहां भी खेल सामान खरीदना हो, वहां पर खरीददारी के लिए जो कमेटी बने, उसमें जिस भी खेल का सामान खरीदना है, उस खेल का प्रशिक्षक व कम से कम दो राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ी भी विभागीय अधिकारियों के साथ हों।

गिरारगिरी में भव्यता से मनाया गया वार्षिक मेला और जलविहार

मूलनानायक आदिनाथ भगवान के महामस्तकाभिषेक में उमड़े श्रद्धालु, चढ़ाया गया निर्वाण लाडू

मुनि श्री प्रवरसागर जी महाराज ने कहा- आज अधिक प्रासंगिक हैं तीर्थंकर ऋषभदेव की शिक्षाएं

मड़ावरा/ललितपुर (विश्व परिवार)। धसान नदी के पावन तट पर उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की सीमा पर मड़ावरा विकासखंड में स्थित श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र गिरारगिरी जी में वार्षिक मेला, श्री आदिनाथ स्वामी का निर्वाणोत्सव, जलविहार, महामस्तकाभिषेक महोत्सव का दो दिवसीय आयोजन मुनि श्री प्रवरसागर जी महाराज एवं क्षुल्लक श्री प्रमोक्षसागर जी महाराज के मंगलमयी सान्निध्य में भव्यता से मनाया गया।

कमेटी के मीडिया प्रभारी डॉ. सुनील संचय ने बताया कि उक्त मांगलिक कार्यक्रम में प्रात: 7 बजे से अभिषेक, शांतिधारा का शुभारंभ मंगलाष्टक के साथ शुरू हुआ। इस अवसर पर प्रथम कलश से महामस्तकाभिषेक करने का सौभाग्य अशोक कुमार, अनिल कुमार (मंजगुवा वाले) बकस्वाहा, द्वितीय कलश अशोक कुमार जैन, श्रीमती प्रतिभा (शाहगढ़ वाले) नरसिंहगढ़, तृतीय कलश प्रकाश चंद जैन, राहुल सिंघई परिवार बरायठा, चतुर्थ कलश कपूरचंद जैन, पंडित प्रद्युमन शास्त्री, प्रदीप कुमार, प्रमोद कुमार खुटगुवा वाले मड़ावरा, पंचम कलश कमलेश कुमार जैन, श्रीमती कामिनी जैन, कीर्ति जैन किमी जैन, प्रतीक जैन (लुहार्रा वाले) मड़ावरा ने प्राप्त किया। नित्यमय पूजन एवं भक्तामर विधान पं. प्रदीप जैन शास्त्री ने मंत्रोच्चारण कर समस्त विधि पूर्वक क्रियाएं सम्पन्न करवाई।

इस अवसर पर धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए मुनि श्री प्रवरसागर महाराज ने कहा कि भगवान् आदिनाथ अपने लोकव्यापी प्रभाव और उपदेशों के कारण भारतीय जनमानस के हृदय में सदैव श्रद्धास्पद रहेंगे। आज के भोगप्रधान वातावरण में भगवान् आदिनाथ की योगप्रधान शिक्षाएं मानवजाति के कल्याण के लिए अत्यधिक प्रासंगिक हैं। भारतीय संस्कृति के प्रणेता एवं जैनधर्म के प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव (आदिनाथ) की जनकल्याणकारी शिक्षा द्वारा प्रतिपादित जीवन-शैली, आज के चुनौती भरे माहौल में उनके सामाजिक एवं राजनीतिक विचारों की प्रासंगिकता है। षट विद्याओं के प्रदाता, भगवान ऋषभदेव ने एक ऐसी समाज व्यवस्था दी, जो अपने आप में परिपूर्ण तो थी ही साथ ही जिसकी पृष्ठ भूमि में अध्यात्म पर आधारित नैतिकता की नींव भी थी। दोपहर में श्री जिनेन्द्र देव की शोभायात्रा एवं जलविहार आदि मांगलिक कार्यक्रम किया गया। इस दौरान श्री आदिनाथ भगवान के निर्वाणोत्सव पर लाडू सजाओ प्रतियोगिता का भव्य आयोजन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। लाडू सजाओ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कुमारी निष्ठा जैन, कुमारी यसी जैन, श्रीमती नीलम जैन (निधि) मड़ावरा, द्वितीय स्थान कोठिया परिवार (सौरईवाले) मड़ावरा, तृतीय स्थान प्रतिज्ञा जैन बरायठा ने प्राप्त किया। सभी को पुरस्कृत किया गया। -**सुनील जैन**

दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी के पदाधिकारियों ने किया संवाद

नए निर्माण से ज्यादा पुरातन का संरक्षण आवश्यक : आचार्य श्री प्रज्ञासागर जी महाराज

कोटा (विश्व परिवार)। भारत की संस्कृति को यदि जीवन्त रखना है तो सबसे पहले अपने पुरातत्व का संरक्षण आवश्यक होगा। हम नित नए निर्माण तो करते जा रहे है, पर प्राचीन पूरा वैभव की ओर किसी का ध्यान नहीं है। प्राचीन तीर्थ क्षेत्रों की प्राचीनता पावनता, भव्यता, पुरातत्वता ज्यों की त्यों बनी रहे ऐसा प्रयास किया जाना चाहिए। इनके चारों ओर बाउंड्री वाल करवा देना चाहिए। भारत के धर्म और संस्कृति का आधार ही हमारा पुरातत्व है। दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी के पदाधिकारियों को आशीर्वाद देते हुए महावीर नगर द्वितीय में विराजमान आचार्य प्रज्ञासागर जी मुनिराज ने यह बातें कहीं।

जैन पत्रकार महासंघ के कोटा जिला संयोजक पारस जैन (पत्रिका) ने जानकारी देते हुए बताया कि 125 वर्षों से भी अधिक प्राचीन संस्था दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जम्बू प्रसाद जैन एवं जैन पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश तिजारिया, महामंत्री उदयभान जैन, मंत्री राकेश जैन चपलमन, कोषाध्यक्ष दिलीप जैन सहित कई पदाधिकारी संयुक्त रूप से तीर्थ क्षेत्र कमेटी के क्रियाकलापों एवं भूमिका से अवगत करवाने हेतु आचार्य श्री से मिले। इस अवसर पर जम्बू प्रसाद गाजियाबाद वालों ने बताया कि तीर्थराज सम्मेदशिखर सहित कई तीर्थों पर चल रहे अदालती मुकदमों में से हम कई मामलों में समाधान की स्थिति में है।

आचार्य श्री ने इस अवसर पर सभी को आश्वस्त करते हुए कहा कि मेरा उद्देश्य सदैव प्राचीन मन्दिरो के जीर्णोद्धार का रहा है और यही कारण है कि महाराष्ट्र के मांगीतुंगी सिद्धक्षेत्र पर 445 जीर्ण प्रतिमाओ का जीर्णोद्धार मेरी प्रेरणा से श्रावकों द्वारा करवाया जा रहा है। तीर्थ क्षेत्र कमेटी को भी मेरा पूरा आशीर्वाद है कि आपकी समस्त योजनाओं के लिए मे आपको यथा समय पूरा सहयोग प्रदान करूंगा।

इसी अवसर पर कोटा समाज के बुद्धिजीवियों के साथ आंगतुक पदाधिकारियों ने संवाद भी किया जिसमें तीर्थ संरक्षण के प्रति समाज को जाग्रत करने व चले रहे लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण हेतु सभी से सुझाव मांगे गए।

जैन पत्रकार संघ के महामंत्री उदयभान जैन ने जानकारी देते हुए बताया की तीर्थ संरक्षण के क्रम में आगामी 22-23 मार्च को अतिशय क्षेत्र जहाजपुर में दोनों संस्थाओ का संयुक्त अधिवेशन किया जा रहा है। इस अवसर पर जैन पत्रकार महासंघ के सदस्य अनिल टोरा, राजेश पिडावा, पारस जैन पार्श्वमणि पत्रकार शैलेंद्र, राजेश बंटी, जैन समाज कोटा के कार्यअध्यक्ष एवं तीर्थ क्षेत्र कमेटी के उपाध्यक्ष राजस्थान प्रांत के जेके जैन भी उपस्थित रहे। अंत मे कोटा जैन समाज के अध्यक्ष विमलचन्द जैन (नांता) ने सभी का आभार प्रकट किया।

-**पारस जैन पार्श्वमणि**

संक्षिप्त समाचार

प्रकृति को संवारने में जुटे पीपला फाउंडेशन, पौधरोपण कर दिया हरियाली का संदेश

आरंग। नगर के स्वयं सेवी संगठन पीपला वेलफेयर फाउंडेशन के सदस्यगण इन दिनों प्रकृति को संवारने में जुटे हैं। वही बुधवार को मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर फाउंडेशन के सदस्यों ने पौधरोपण कर हरियाली का संदेश दिया। फाउंडेशन के कोषाध्यक्ष कोमल लाखोटी ने बताया विगत माह भर से आरंग के कलई रोड मंडी परिसर से संलग्न मैदान में एक पेड़ मां के नाम पर लगायें सैकड़ों पौधों की देखभाल व नियमित सिंचाई कर रहे हैं। जिससे कि देखरेख और पानी के अभाव में मर रहे पौधों को सुरक्षित किया जा सके। वही पौधरोपण, सिंचाई व संरक्षण में प्रमुख रूप से फाउंडेशन के अध्यक्ष दूजेराम धीवर, संयोजक महेन्द्र कुमार पटेल, सचिव अभिमन्यु साहू, कोषाध्यक्ष कोमल लाखोटी, संयुक्त सचिव संजय मेश्राम, सक्रिय सदस्य प्रतीक टोंड्रे, राकेश जलक्षत्री, भागवत जलक्षत्री सहित अन्य सदस्यगण सहभागिता निभा रहे हैं।

भाजपा महापौर के प्रत्याशी जगदीश रामू रोहरा एवं पार्षदों के नामांकन रैली में उमड़ा जनसैलाब

नगरी/सिहावा (विश्व परिवार)। धमतरी नगर निगम के भाजपा से महापौर के अधिकृत प्रत्याशी जगदीश रामू रोहरा एवं अधिकृत प्रत्याशीयों ने भव्य रैली निकालकर चुनावी बिगुल बजा कर फतेह हासिल करने की ताकत दिखा दिया इस रैली में प्रमुख रूप से जगदीश रामू रोहरा के कुरूद विधायक अजय चंद्राकर, पूर्व विधायक इंदर चोपड़ा, पूर्व विधायक रंजना साहु, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, निर्मल बरडिया, प्रियेश गांधी, सहित धमतरी जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र से भाजपा कार्यकर्ता, मंडल, जिला, प्रदेश के पदाधिकारी अनगिनत संख्या में शामिल रहे।

मुनिश्री सर्वार्थसागर जी महाराज का 34वां आवतरण दिवस 1 फरवरी को पंढरपुर में भक्तिभावपूर्वक मनाया जायेगा

पंढरपूर/महाराष्ट्र (विश्व परिवार)। अध्यात्म सरोवर के राजहंस आचार्य भगवन श्री विशुद्धसागर महाराज जी के शिष्य विचित्र बाते प्रणेता श्रमण

मुनी श्री सर्वार्थसागर महाराज जी का 34 वां आवतरण दिवस 1 फरवरी को हैं। विचित्र बाते प्रणेता श्रमण मुनी श्री सर्वार्थसागरजी गुरुदेव के परमभक्त श्री अभिषेक अशोक पाटील, कोल्हापूर ने अवगत कराया की 1 फरवरी 2025 से 5 फरवरी 2025 तक अढीव पंढरपूर में पंचकल्याणक महोत्सव का आयोजन किया हैं। 1 फरवरी 2025 को पंढरपुर में विचित्र बाते प्रणेता श्रमण मुनी श्री सर्वार्थसागरजी गुरुदेव के भक्तो द्वारा भक्तीपूर्वक गुरुदेव का 34 वां अवतरण दिवस भक्तीपूर्वक मनाया जायेगा। पुरे भारत वर्ष से अलग अलग राज्यो से भक्त पंढरपूर पढारेंगे। आध्यात्म सरोवर के राजहंस, चर्या शिरोमणी, आचार्य भगवन श्री विशुद्धसागर महाराज जी के परम प्रभावक आज्ञानुवर्ती शिष्य विचित्र बाते प्रणेता मुनी श्री सर्वार्थ सागर जी महाराज के 34 वें अवतरण दिवस पर उनके पावन चरणों में मेरी ओर से एवं मेरे समस्त परिवारजनों की ओर से, बारम्बार नमोस्तु। गुरुदेव आपने आचार्य श्री विशुद्धसागर जी के आशीष से सब जगह अपूर्व जिनधर्म की प्रभावना करते हुऐ, हमेशा गुरु आज्ञा को सब कुछ माना हैं। -**अभिषेक अशोक पाटील**

जैन समाज के स्तम्भ श्री महावीर प्रसाद जी बाकलीवाल का हुआ सम्मान

रायपुर (विश्व परिवार)। जोन 8 रायपुर के संयोजक अरविन्द पहाड़िया ने बताया कि श्री नागपुर प्रांतीय दिगम्बर जैन खंडेलवाल सभा जोन 8 रायपुर की कार्यकारिणी की मीटिंग मे छत्तीसगढ़ के जाने माने व्यक्तित्व श्री सन्मति नगर दिगम्बर जैन खंडेलवाल पंचायत के संस्थापक सदस्य, पूर्व अध्यक्ष, समाज रत्न से विभुषित, श्री नागपुर प्रांतीय दिगम्बर जैन खंडेलवाल सभा के प्रांतीय संरक्षक, प्रसिद्ध व्यवसायी, देव शास्त्र गुरु समाज के अनन्य सेवक श्री महावीर प्रसाद जी बाकलीवाल जी का प्रांतीय सभा जोन 8 रायपुर की मीटिंग मे प्रांतीय सभा व जोन, 8 के संयुक्त तत्वाधान मे शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया, इनके देव शास्त्र गुरु समाज के प्रति अगाढ़ सेवा भाव के कारण प्रांतीय सभा ने सम्मान किया तथा उनसे आशीर्वाद लिया, पूरा जीवन सेवा समर्पण मे व्यतीत करने वाले महावीर जी बाकलीवाल का 84 वां जन्मदिन भी था।

सम्मान करने वालों मे प्रमुख रूप से सभापति श्री मनोज पहाड़िया, महामंत्री श्री देवेंद्र छाबड़ा, कोषाध्यक्ष श्री मनोज सेठी, प्रांतीय सलाहकार श्री पारस पापड़ीवाल, सह सभापति श्री राजकुमार गंगवाल, मनीष बड़जात्या, श्री दिगम्बर जैन महासमिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री कैलाश रारा, श्री राकेश छाबड़ा दुर्ग, श्री जीतेन्द्र सेठी भिलाई, जोन 8 के संयोजक अरविन्द पहाड़िया, सहसंयोजक प्रदीप पाटनी, मनीष बाकलीवाल एवं जोन 8 के प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित थे, कार्यक्रम का संचालन अरविन्द पहाड़िया ने किया।

पत्रकार महासंघ द्वारा आयोजित गोष्ठी सम्पन्न श्री महावीर जी में बनेगा भारत का सर्वश्रेष्ठ पेनोरमा

जयपुर (विश्व परिवार)। जैन पत्रकार महासंघ के तत्वावधान में 29 जनवरी प्रात: 10:30 बजे जैन पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश जैन तिजारिया की अध्यक्षता में, श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी के अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल के मुख्य आतिथ्य में बड़जात्या सभागार भट्टारक?जी? की नसियां नारायण सिंह सर्किल में जैन पत्रकारों की विचार गोष्ठी सफलता के साथ सम्पन्न हुई।

जैन पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन ने अवगत कराया कि राजस्थान सरकार ने नौ स्थानों पर पेनोरमा का निर्माण कराए जाने की घोषणा की गई थी जिसके अंतर्गत एक पेनोरमा श्री महावीर जी में निर्माण होगा इसके अन्तर्गत गोष्ठी में मुख्य अतिथि सुधांशु कासलीवाल जी ने पत्रकारों के समक्ष पूर्ण रूपरेखा रखी, उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को पैनोरमा निर्माण के लिए श्री महावीर जी में प्रबंध समिति की ओर से भूमि भी चिन्हित कर दी गई है उन्होंने कहा कि यह पैनोरमा सरकार व महावीर जी क्षेत्र के सहयोग से जैन संस्कृति, देव, शास्त्र व गुरुओं पर आधारित भारत का सर्वश्रेष्ठ आधुनिक पेनोरमा का निर्माण होगा, इस संबंध में पत्रकारों ने अपने-अपने विचार रखे इसके संबंध में निर्णय हुआ कि एक सप्ताह के अंदर लिखित में जैन पत्रकार महासंघ के माध्यम से सुझाव प्रस्तुत किये जायें। कासलीवाल जी ने महावीर जी व जयपुर में श्रीमहावीरजी क्षेत्र द्वारा कराई जा रही योजनाओं के संबंध में भी पत्रकारों को अवगत कराया। गोष्ठी में राजस्थान सरकार से आदिनाथ जयंती एवं भारत सरकार द्वारा प्रत्येक राज्य में श्री महावीर जैयन्ती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित हो पर चर्चा हुई और निर्णय हुआ कि इस संबंध में राजस्थान व भारत सरकार से सम्पर्क कर प्रभावी कार्रवाई की जाए। अध्यक्षीय उद्बोधन में रमेश जैन तिजारिया ने कहा कि पत्रकार महासंघ तीर्थ क्षेत्रों, जैन संस्कृति आदि व पत्रकारों के हित में अनेकों कार्य कर रहा है, आप महासंघ की प्रत्येक योजनाओं में सहयोग प्रदान करें और महासंघ से जुड़ें। -**उदयभान जैन**

'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम से देश की अखंडता मजबूत होती है : राज्यपाल

राजभवन में 6 राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेश का स्थापना दिवस मनाया गया

रायपुर (विश्व परिवार)। राज्यपाल श्री रमेन डेका की अध्यक्षता में राजभवन में आज यहां 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के तहत आंध्रप्रदेश, केरल, उत्तरप्रदेश, मणिपुर, मेघालय, त्रिपुरा राज्य एवं दादर एवं नगर हवेली व दमन द्वीव का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर इन राज्यों के लोक नृत्यों की प्रस्तुति भी की गई है। साथ ही छत्तीसगढ़ के पंडवानी गायन और सूफी गायन की प्रस्तुति भी दी गई।

राज्यपाल श्री डेका ने इस अवसर पर कहा कि यह कार्यक्रम, भारत में विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में रहने वाले विविध संस्कृतियों के लोगों के बीच आपसी समझ को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की पहल पर शुरू किया गया है। इसके तहत विभिन्न राज्यों की भाषा, संस्कृति, परंपराओं और प्रथाओं के ज्ञान का आपस में आदान-प्रदान होता है। जिससे भारत की एकता और अखंडता मजबूत होती है। राज्यपाल श्री डेका ने इस अवसर पर सभी राज्यों की विशेषताओं को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि उत्तरप्रदेश, भारत के सबसे बड़े राज्यों में से एक है। यह भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण की जन्मभूमि है। यह हिन्दुओं की प्राचीन सभ्यता का उद्गम स्थल है। भगवान बुद्ध ने अपना पहला उपदेश सारनाथ में दिया और बौद्ध धर्म की नींव रखी। अभी प्रयागराज में महाकुंभ चल रहा है। यह विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आयोजन है।

श्रावक को दान चार प्रकार के, उसमे भी उत्कृष्ट आहार दान : मुनि श्री अनुपम सागर जी महाराज

देवली (विश्व परिवार)। चर्या शिरोमणि आचार्य108 श्री विशुद्ध सागर जी महाराज के युगल शिष्य में मुनि श्री 108 अनुपम सागर जी महाराज ने एवम श्रमण मुनि 108 श्री यतीन्द्र सागर जी महाराज ने आज धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए दान की महिमा को बताया की प्रत्येक श्रावक को दान करना चाहिए, दान चार प्रकार के बताए गए उसमे आहार दान, औषध दान, ज्ञान दान, अभय दान। इन सबमे भी सर्वश्रेष्ठ आहार दान को महत्व दिया गया, ओर बताया की श्रावक के आवश्यक कर्तव्यों में से साधु को आहार दान देना भी आवश्यक है।

जानकारी देते हुएओमप्रकाश जैन (टोरडी) ने बताया की इसी श्रंखला में युगल मुनिराज ने जीवन जीने की कला एवं क्रोध पर नियंत्रण) की विधि भी सिखाई! मुनि श्री ने क्रोध के लक्षण बताते हुए बताया की भुख न लगना, नशा करना, अपशब्दों का प्रयोग करना, बड़बड़ करना, नजरें न मिलाना, अकेला पन महसूस करना, अभक्ष्य पदार्थो का सेवन करना, उपेक्षा करना जैसे कई उदाहरण दिए जो की मनुष्य के क्रोध का निमित्त बनते है और इसी क्रोध में मनुष्य अपने गृहकलेश का कारण बनता है, घर की शांति भंग करने के निमित बनते है। मुनि श्री ने इनका निदान बताते हुए बताया की हमे सदैव शुद्ध शाकाहरी भोजन करना चाहिए, क्रोध आने पर पहले 2मिनिट सोचकर फिर उसपे प्रतिक्रिया देनी चाहिए, जिद पे नही अड़ना चाहिये, सोने का समय निर्धारित होना चाहिए, 10बजे तक सोने का एवं 5.30 तक हर सम्भव उठ जाना चाहिए यही सर्वश्रेष्ठ समय होता है, ओर भी कई उदाहरण मुनि श्री ने क्रोध को नियंत्रण करने के संदर्भ में दिए।

जशपुर पुलिस मानव तस्करी के विरूद्ध शॉर्ट फिल्म बनाकर करेगी जागरूक, अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पर होगी रिलीज

लीड रोल में नजर आयेगें एस पी शशि मोहन सिंह

जशपुर नगर (विश्व परिवार)। जिले में कजरी द बैटल फॉर फ्रीडम शार्ट मूवी की शूटिंग हुई। यह मानव तस्करी के विरूद्ध शॉर्ट फिल्म है। जिसका रिलीज आठ मार्च को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर होगा। मूवी में जशपुरनगर के दृश्यों की शूटिंग की गई है।

मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय जशपुर में मानव तस्करी से पीड़ित बालिका पर आधारित कजरी द बैटल फॉर फ्रीडम की शार्ट मूवी की पत्रकारवार्ता का मुख्य शॉट कैमरा में शूट किया गया।

इसमें एसएसपी शशि मोहन सिंह की एक पुलिस टीम है, जो सायबर सेल के सहयोग से दिल्ली जाकर मानव तस्करी गैंग का भांडाफोड़ करता है, पीड़िता को बरामद कर उसके पिता को सौंपा जाता है, इस कार्यवाही का विस्तृत वर्णन पत्रकारों के समक्ष किया जाता है। मानव तस्करी का दंष झेल कर वापस आई बालिका अपने साथ हुये भयावह घटना को पत्रकारों के समक्ष बताती है एवं संदेश देती है कि मानव तस्करी के चंगुल से बचे।

मानव तस्करी पर केंद्रित फिल्म : एसएसपी शशि मोहन सिंह द्वारा मूवी में बताया गया है कि जशपुर के आस-पास किस तरह मानव तस्कर प्लेसमेंट एजेंसी के नाम पर बच्चियों का दुरूपयोग करते हैं, उनको प्रेमजाल में फंसाकर शारीरिक, मानसिक एवं आर्थिक शोषण करते हैं। एसएसपी शशि मोहन सिंह ने कहा छालीवुड और स्थानीय कलाकारों के सहयोग शॉर्ट फिल्म कजरी का निर्देशन किया जा रहा है, जशपुर की समस्या मानव तस्करी इस फिल्म की केन्द्रीय विषयवस्तु है। मूवी की लीड रोल में एसएसपी शशि मोहन सिंह, छालीवुड कलाकार सुश्री आरवी सिन्हा, शरद श्रीवास्तव, उत्कर्ष श्रीवास्तव, दिव्या नागदेव एवं जशपुर की मशहुर आर्टिस्ट आकांक्षा टोप्पो, कैसर हुसैन इत्यादि हैं।

चुनाव ड्यूटी से पहले निगम के अधिकारी और कर्मचारियों का हेल्थ चेकअप करवाया गया

भिलाईनगर (विश्व परिवार)। नगरीय निकाय, नगर पंचायत एवं नगर परिषद चुनाव होना है। नगर निगम भिलाई के अधिकारियो एवं कर्मचारियों की निर्वाचन करवाने के लिए ड्यूटी लगायी जा रही है। निर्वाचन करवाने, निर्वाचन सामग्री, सामान वितरण करने, सामान वापस करनवाने, मतगणना करवाने, मतगणना के बाद मत पेटियो को वापस जमा करने, निर्वाचन दल को मतदान केन्द्र तक छोड़ने एवं वापस लाने आदि के लिए सेवा लिया जाना है।

आज 210 से अधिक अधिकारी एवं कर्मचारियो का पूरा हेल्थ चेकप करवाया गया। बी.पी., सुगर, आदि का जांच सर्दी खासी, पेट दर्द आदि पूरा चेकप किया गया। दवा वितरण भी किया गया। प्रमुख रूप से आज निगम में 2 मोबाईल मेडिकट यूनिट की बस लगाई गई थी। जिसमें 210 अधिकारी, कर्मचारियो ने अपना ईलाज करवाया, 124 का लैब टेस्ट हुआ, 113 को दवा वितरण किया गया। महिला कर्मचारी 142, पुरूष कर्मचारी 68 लोगों का स्वास्थ्य चेकप कर दवा वितरण किया गया।

आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय स्वयं अपना बी.पी., सुगर, खून की जांच करवाये। इसके साथ ही अधिकारी/कर्मचारी, सफाई कर्मी, मजदूर आदि सब जांच करवाये। बहुत से कर्मचारी पहली बार सब कुछ जांच करवाये। उन्हे पता ही नहीं है कि उनको भी तकलीफ हो रहा है। इलाज से ठीक हो जायेगा, कुछ डर रहे थे कि बीमारी पता चल जायेगा।

सब की मांग थी कि मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत प्रत्येक माह गाड़ी बुलवाकर मजूदरो, स्वास्थ्य कर्मियो एवं कर्मचारियो के स्वास्थ्य की जांच हो। जिससे सब स्वस्थ रहे और अच्छे से निगम हित में अपना कार्य कर सकें।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार

बस्तर संभाग

रायपुर गुरूवार 30 जनवरी 2025

संक्षिप्त समाचार

संदिग्ध हालत में मिला एक युवती का शव

बालोद(विश्व परिवार)। बालोद जिले के ग्राम नर्राटोला से सनसनी खेज मामला सामने आया है। जहां एक युवती की लाश संदिग्ध परिस्थितियों में उसके घर के कमरे में मिली। इस घटना की जानकारी लगते ही पूरे गांव में सनसनी फैल गई है। परिजनों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची डौंडी थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर युवती के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया है जो मामले की जांच कर रहे हैं। मौके पर कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी मौजूद हैं। मृतक युवती का नाम धनेश्वरी यादव (उम्र 21 साल) बताया जा रहा है। जब धनेश्वरी के परिजन सोकर उठे तब उन्हें एक कमरे में उसकी लाश मिली। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, मृतका के शव पर गले में चोट के निशान मिले हैं, जिसे देखते हुए परिजनों ने उसकी हत्या की आशंका जताई है। फिलहाल मृतका के शव का पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है तथा मामले की जांच की जा रही है।

कलयुगी मां ने अपनी मासूम बच्ची को मंदिर में छोड़ा

धमतरी(विश्व परिवार)। सोमवार को एक महिला अपनी बच्ची को धमतरी शहर के गणेश मंदिर में छोड़कर गायब हो गई. मंदिर के पुजारी का ध्यान बच्ची पर गया तो उसने पुलिस को खबर दी. बच्ची की उम्र ढाई से तीन साल के आसपास बताई जा रही है. कुछ देर तक मुहल्ले वालों ने बच्ची को संभाला, जिसके बाद पुलिस ने बच्ची को बाल कल्याण समिति को सौंप दिया है. मंदिर मे लगे सीसीटीवी में यह घटना कैद हो गई है. पुलिस महिला की तलाश में जुटी हुई. जानकारी के मुताबिक, सोमवार सुबह 11:30 बजे रोजाना की तरह भक्त गणेश मंदिर में पूजा अर्चना के लिए पहुंचे हुए थे. इसी दौरान एक महिला वहां पहुंची और अन्य महिलाओं से यह कहते हुए निकल गई कि 5 मिनट में आ रही हूं, इस बच्ची का ध्यान रखना. उसके बाद कई मिनट गुजर गए, लेकिन उस महिला का कोई पता नहीं चला. वार्ड के ही रोशन सोनकर उसे अपने साथ रखते हुए चॉकलेट बिस्किट खिलाया. इसके बाद मंदिर के पुजारी ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

मेला स्थल पर हंगामा करने वाले युवक गिरफ्तार

कांकेर(विश्व परिवार)। जिले की थाना चारामा पुलिस ने मेला स्थल पर हंगामा करने वाले 04 युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने झुला झुलाने की बात को लेकर हंगामा किया था। मिली जानकारी के अनुसार नगर चारामा में दिनांक 26.01.25 से वार्षिक मेला प्रारंभ हुआ है जहॉ पर थाना चारामा पुलिस द्वारा डयुटी लगाकर निरंतर गस्त पेट्रोलिंग किया जा रहा है दिनांक 27.01.25 को मेला स्थल पर मीना बाजार में लगे झुला के पास झुला झुलाने की बात पर 04 युवको द्वारा के झुला संचालक से वाद विवाद करने लगे जिन्हे मौके पर पुलिस द्वारा समझाया गया जो आक्रोषित होकर पुलिस के सामने ही झुला संचालक से वाद विवाद करने लगे जिनको हिरासत लिया गया जिन्होने अपना नाम अमन नाग पिता संतोष नाग 20 साल निवासी बाजारपारा चारामा,योगेन्द्र तारम पिता दिलीप तारम उम्र 22 साल निवासी नाकापार, जोगेष्वर ध्रुव पिता हीरालाल उम्र 30 साल निवासी भूलनडबरी थाना गुरूर जिला बालोद तथा भागीरथी ध्रुव पिता कोमल ध्रुव उम्र 21 साल निवासी सिहाद भखारा जिला धमतरी बताते हुए हमारा क्या कर लोगों बोलकर शांति भंग करने लगे जिनकों जिसे समझाने का प्रयास किया गया जो नही मान रहे थे जिसे गिरफ्तार किया गया एवं उसके खिलाफ धारा 170 बीएनएसएस ,126, 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधित करने के लिये इस्तगांशा तैयार कर एसडीएम न्यायालय चारामा में पेश किया गया ।

धान खरीदी केंद्र में घुसा दंतैल

कोरबा(विश्व परिवार)। जिले में हाथियों का आतंक और दहशत अनवरत जारी है। यहां के सीमावर्ती धान खरीदी केंद्र कुदमुरा में अचानक एक दंतैल हाथी के बीती रात घुस जाने से वहां तैनात कर्मचारी भयभीत हो गए। तत्काल मंडी में हाथी के आने की सूचना वन विभाग को दी गई जिस पर मौके पर पहुंचकर वन विभाग की टीम ने हाथी को खदेडने की कार्यवाही की। खदेड़े जाने पर हाथी ने जंगल का रूख किया। उसके बाद कर्मचारियों ने राहत की सांस ली। सूत्रों के अनुसार कुदमुरा परिसर में 37 तथा चचिया में 6 की संख्या में हाथी पिछले कुछ दिनों से विचरण कर रहे हैं। कुदमुरा परिसर में विचरणरत हाथियों के दल में से एक दंतैल हाथी बीती रात दल से अलग हुआ और धान खरीदी केंद्र कुदमुरा में पहुंच गया। दंतैल ने वहां पहुंचते ही उत्पात मचाना शुरू कर दिया। हाथी को मंडी में अचानक देख वहां तैनात कर्मियों में हडकंप मच गया। मारे डर के वे एक स्थान पर छिपे और वन विभाग को सूचना दी। जिस पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी तत्काल मौके पर पहुंचे और उत्पात मचा रहे दंतैल हाथी को खदेडने की कार्यवाही की। धान खरीदी केंद्र से जाने से पहले दंतैल ने वहां रखे धान की 4-5 कट्टी को क्षतिग्रस्त करने के साथ धान को भी चट कर दिया।

स्थानीय चुनाव और सरकारी योजनाओं में गुणवत्ता सुनिश्चित करें : कलेक्टर

बेमेतरा(विश्व परिवार)। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने आज मंगलवार को कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया और प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैठक के दौरान कलेक्टर ने शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की और लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को जनहित से जुड़ी शिकायतों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी स्थानीय निर्वाचन के मद्देनजर सभी संबंधित अधिकारियों को आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आचार संहिता के उल्लंघन की कोई भी घटना बर्दाश्त नहीं की जाएगी और इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों को पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने कार्यों का निर्वहन करना होगा। कलेक्टर ने बैठक में स्पष्ट किया कि चुनाव प्रक्रिया की शुचिता बनाए रखने के लिए सभी सरकारी विभागों को निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि आचार संहिता के लागू होने के बाद किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि या सरकारी संसाधनों के दुरुपयोग की शिकायत नहीं आनी चाहिए। उन्होंने निर्वाचन के दौरान सभी नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तर पर निगरानी समितियों को सक्रिय करने और किसी भी प्रकार की अनियमितता की तुरंत जांच कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सभी राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को आचार संहिता का पालन करना अनिवार्य है, और इसकी अवहेलना पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने अधिकारियों से यह भी कहा कि जनता में जागरूकता फैलाने के लिए आवश्यक कदम उठाएं, ताकि वे भी आचार संहिता के नियमों से अवगत रहें और किसी भी प्रकार की अनियमितता की सूचना तुरंत प्रशासन को दें। कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस समारोह के सफल आयोजन के लिए सभी संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह गौरवपूर्ण आयोजन जिले की एकता और समर्पण का प्रतीक है। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों से कहा की आगामी स्थानीय निर्वाचन में उन्हें दिए गए दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करें। साथ ही, उन्होंने यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन किया जाए। कलेक्टर ने विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा भी की। उन्होंने ई-ऑफिस प्रणाली की प्रगति के बारे में जानकारी मांगी, ताकि प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और गति लाई जा सके। उन्होंने अधिकारियों से समयबद्ध तरीके से फाइलों के निपटारे के निर्देश दिए। खाद्य विभाग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने चावल संग्रहण की स्थिति पर विशेष ध्यान दिया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि सुनिश्चित करें कि सभी गोदामों में पर्याप्त मात्रा में चावल सुरक्षित रूप से जमा हो। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे समय पर कार्यालय पहुंचकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि कार्यालय में उपस्थिति के नियमों का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए, जिससे सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में देरी न हो। कलेक्टर ने सभी योजनाओं के कार्यान्वयन में वित्तीय नियमों का पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि योजनाओं में पारदर्शिता और अनुशासन का विशेष ध्यान रखा जाए। किसी भी शासकीय कार्य में गुणवत्ता से समझौता नहीं होना चाहिए, और सभी कार्य समय पर और निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुसार पूरे होने चाहिए।

मां मातंगी के धाम में बगलामुखी के महायज्ञ ने बनाया विश्व रिकॉर्ड

रायपुर। मां मातंगी दिव्य धाम जी जामगांव अभनपुर में 27 तारीख से 29 जनवरी तक चलने वाले मां बगलामुखी महायज्ञ ने विश्व रिकॉर्ड बनाया है। मां बगलामुखी के सिद्ध यंत्र के समान पृथ्वी पर हवनकुंड का निर्माण कराकर उस हवनकुंड को मंत्रों के द्वारा सिद्ध करके 11 हजार किलों लाल मिर्च से मां बगलामुखी के यज्ञकुंड में आहुति देकर देश-विदेश से आए हजारों श्रद्धालुओं के द्वारा लगातार इस विशाल महायज्ञ में शामिल होकर अपने जीवन को बाधाओं से मुक्त बनाकर जीवन को खुशहाल बनाने का काम किया गया। मां मातंगी दिव्य धाम में पूर्ण हुए 3 दिवसीय मां बगलामुखी महायज्ञ में प्रयुक्त हुई हवन सामग्री में लाल मिर्च, हल्दी, सरसों, नीम की लकड़ी, बबूल की लकड़ी अतिरिक्त हवन सामग्री के रूप में उपयोग किया गया है

शदाणी दरबार रायपुर पीठाधीश्वर हुए शामिल- तीन दिवसीय दिव्य एवं भव्य अनुष्ठान में शदाणी दरबार के पीठाधीश्वर संत युधिष्ठिर लाल भी आज शामिल होकर इस महायज्ञ में आहुति दिया एवं धाम में उपस्थित भक्तजनों को सनातन के लिए एकजुटता का संदेश दिया।

शीर्ष पदों खासकर राजनीति के लिए विशेष अनुष्ठान- मां मातंगी दिव्य धाम में आयोजित 3 दिवसीय (27 जनवरी से लेकर 29 जनवरी) मां बगलामुखी महायज्ञ वैसे तो सभी के लिए लाभप्रद है लेकिन जो भी व्यक्ति शीर्ष पद पर आसीन है उसके गुप्त शत्रु बहुत हो जाते ऐसे में शीर्ष पदों पर आसीन और राजनीतिक व्यक्तियों के लिए यह महायज्ञ विशेष लाभकर है।

देश विदेश से शामिल हुए लोग- इस अनुष्ठान में देश के कोने कोने से लोगों का जमावड़ा देखने को मिला साथ ही नेपाल, भूटान, म्यांमार से भी भक्तों का जमावड़ा देखने को मिला।

नियमित हेलमेट पहनने वाले व्यक्तियों को किया जाएगा सम्मानित: कलेक्टर

नारायणपुर(विश्व परिवार)। सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट के सभा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिले के प्रमुख मार्गों पर यातायात व्यवस्था सुधारने और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए विस्तृत चर्चा की गई। नियमित हेलमेट पहनने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। कांजी हाऊस में पशुओं के लिए चारा पानी के व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य मार्ग और मुख्य जिला मार्ग से जुड़े सभी महत्वपूर्ण जंक्शनों पर सुधार कार्य करने, दुर्घटनाजन्य स्थलों और खतरनाक मोड़ों पर सुरक्षा उपाय लागू करने, तथा घनी आबादी वाले शहरों और गांवों के चौक-चौराहों पर ट्रैफिक स्टॉपर्स एवं अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही तेज करने के निर्देश दिए गए। आवारा पशुओं की समस्या पर नियंत्रण और मार्गों के किनारे बढ़ी हुई घास एवं झाड़ियों की सफाई का कार्य प्राथमिकता से करने की बात कही गई। बैठक में पुल-पुलियों के पास हेजर्ड मार्कर्स और सावधानी सूचक बोर्ड लगाकर यात्रियों को जागरूक करने की योजना पर चर्चा हुई। जिले के ब्लैक स्पॉट का चिन्हांकन और समाधान को प्राथमिकता देते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए। अतिभारित ट्रकों और ट्रूलरों पर निगरानी बढ़ाने, ट्रकों की बॉडी से बाहर निकले सामान और बिना तिरपाल के खनिज परिवहन करने वाले वाहनों पर सख्ती बरतने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। उन्होंने बैठक में शहर के अंदर यातायात दबाव कम करने के लिए बायपास रोड के निर्माण और शहर में सुव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था विकसित करने पर चर्चा की गई। सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के लिए जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया।

प्रेक्षक आईएएस जयश्री जैन ने रिटर्निंग ऑफिसर कक्ष का किया निरीक्षण

राजनांदगांव(विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जिले में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 के संचालन एवं प्रेक्षण कार्य हेतु नियुक्त प्रेक्षक आईएएस जयश्री जैन ने आज नाम निर्देशन पत्र जमा करने के लिए महापौर पद हेतु रिटर्निंग ऑफिसर तथा पार्षद पद हेतु सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के कक्ष का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने उन्हें नगरीय निर्वाचन कार्य एवं नाम निर्देशन पत्रों के संबंध में जानकारी दी। प्रेक्षक आईएएस जयश्री जैन ने निर्वाचक नामावली 2025 अंतर्गत वार्ड क्रमांक 21 में मतदान केन्द्र 61, 62 एवं 63 तथा वार्ड क्रमांक 22 के मतदान केन्द्र क्रमांक 64, 65 का अवलोकन किया। उन्होंने निर्वाचन कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। प्रेक्षक आईएएस जयश्री जैन ने अधिकारियों को निर्वाचन से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी हितेश्वरी बाघे एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

जनदर्शन व् समय-सीमा के अंतर्गत लंबित आवेदनों को त्वरित निराकरण करें : कलेक्टर कुणाल

कोण्डागांव(विश्व परिवार)। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक में विभिन्न कार्यक्रमों के क्रियान्वयन और प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने जनदर्शन एवं समय-सीमा के अंतर्गत लंबित आवेदनों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। बैठक के दौरान उन्होंने सक्षम आंगनबाड़ी उन्नयन कार्य की प्रगति की जानकारी ली और सहकारी समितियों के गठन में तेजी लाने पर जोर दिया। उन्होंने ग्रामीणों को सहकारी समितियों के लाभ के प्रति जागरूक करने और विशेष रूप से महिलाओं को समितियों में शामिल कर उनकी आय बढ़ाने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में नशामुक्त भारत अभियान के तहत एनएसएस, एनसीसी और समूह की महिलाओं के माध्यम से विद्यालयों और महाविद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करने के निर्देश समाज कल्याण विभाग को दिए। समय-सीमा बैठक के पश्चात कलेक्टर ने जनदर्शन कार्यक्रम में आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं। ग्राम चेरबेड़ा के ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव के प्राथमिक शाला में एकमात्र शिक्षक हैं, जिसके कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। उन्होंने इसके समाधान हेतु उन्होंने और शिक्षक नियुक्ति की मांग की। साथ ही ग्राम बनसिरसी के ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी संचालन के लिए नए भवन की मांग रखी।

स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में हुआ मतदान दलों का प्रशिक्षण

प्रथम चरण में 521 अधिकारी-कर्मचारियों ने लिया प्रशिक्षण

मतदान की संपूर्ण प्रक्रिया की दी गई जानकारी

दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)। नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2024-25 के संबंध में आज जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा के स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में प्रथम चरण का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में 521 अधिकारी-कर्मचारियों उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में मास्टर्स ट्रेनर्स ने अधिकारी कर्मचारियों को मतदान प्रक्रिया को पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ संपादित करने के लिए गम्भीरतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने पर बल दिया। इस क्रम में मतदान सम्बन्धी हरेक पहलुओं के तहत विस्तृत जानकारी देने के साथ ही ईव्हीएम और व्हीव्हीपॅट उपयोग के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। कंप्यूटर पावर पॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से मतदान दलों के अधिकारी-कर्मचारियों को मतदान प्रक्रिया के पूर्व की तैयारी, मतदान प्रक्रिया तथा मतदान समाप्ति के बाद की प्रक्रिया के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए कहा गया कि मतदान आरंभ करने के पहले मॉक पोल, व्हीव्हीपॅट की पर्चियों की गिनती, आवश्यक प्रपत्रों की पूर्ति एवं सीआरसी इत्यादि को सुनिश्चित कर नियत समय पर मतदान प्रक्रिया को शुरू किया जाये। इसी तरह मतदान समाप्ति के पश्चात ईव्हीएम को बंद करना, सीलिंग पूरी करना, मतपत्र लेखा सहित अन्य प्रपत्रों को प्रतिपूरित करना और अन्य दस्तावेजों का संधारण अवश्य पूरा करने के बाद ही सामग्री जमा करने के लिए प्रस्थान करने को कहा गया। मतदान दलों को ईवीएम और व्हीव्हीपेट हैंडलिंग के लिए सतर्कता बरतने की समझाइश देते हुए कहा गया कि इस बारे में मास्टर्स ट्रेनर्स द्वारा दी जाने वाली प्रत्येक जानकारी को ध्यानपूर्वक सुनें और अपनी शकाओं का समाधान करें। इसके साथ ही मतदान दलों के अधिकारी-कर्मचारियों को आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित करने निर्देशित करते हुए अवगत कराया गया कि भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा लोकसभा निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। इस हेतु निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ निर्वाचन को सम्पन्न कराना हम सभी अधिकारी-कर्मचारियों की जिम्मेदारी है। इस दिशा में निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने तक आदर्श आचरण संहिता का पालन करें अन्यथा संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई होगी। इस मौके पर अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी मूलचंद चोपड़ा सहित अन्य मतदान दल के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार

खेल-व्यापार

रायपुर गुरूवार 30 जनवरी 2025

व्यापार समाचार

सैमसंग की नई पेशकश: 19 मॉडल्स के साथ बेस्पोक AI विंडफ्री एसी रेंज लॉन्च

गुरुग्राम: सैमसंग,भारत के प्रमुख उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड,ने आज अपनी नई 2025बेस्पोक एआई विंडफ्री एयर कंडीशनर्स की सीरीज लॉन्च की। यह सीरीज अत्याधुनिक एआई तकनीक और प्रीमियम डिजाइन का बेहतरीन मेल है। 19मॉडलों की यह रेंज भारतीय उपभोक्ताओं की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन की गई है,जो न केवल भीषण गर्मियों का समाधान प्रदान करती है,बल्कि आराम,सुविधा और ऊर्जा दक्षता का वादा भी करती है। यह सीरीज एआई-संचालित इनोवेशंस के साथ बदलते मौसम के हिसाब से खुद को ढालने में सक्षम है। विंडफ्री कूलिंग तकनीक कमरे में ठंडी हवा को सीधे शरीर पर पड़ने से रोकते हुए 23,000माइक्रो होल्स के जरिए धीरे-धीरे हवा फैलाती है। इसके एआई फास्ट और कम्फर्ट कूलिंग फीचर से कमरा तेजी से ठंडा होता है और फिर बिजली बचाने के लिए ऊर्जा-कुशल सेटिंग्स पर शिफ्ट हो जाता है। आधुनिक जीवनशैली को ध्यान में रखते हुए इस सीरीज में स्मार्टथिंग्स कनेक्टिविटी का उपयोग किया गया है। इसमें रिमोट निगरानी के लिए मैप व्यू और सहज नियंत्रण के लिए क्विक रिमोट जैसे उन्नत फीचर्स शामिल हैं। सैमसंग की यह नई रेंज उपभोक्ताओं को न सिर्फ आरामदायक ठंडक प्रदान करती है,बल्कि बिजली बचत और स्मार्ट तकनीक के साथ एक बेहतर अनुभव का भी वादा करती है। घर से काम करने वाली पीढ़ी के लिए सैमसंग का बेस्पोक एआई विंडफ्री एसी न सिर्फ कूलिंग में बेहतरी लाता है, बल्कि इसे और भी स्मार्ट बनाता है। ये एयर कंडीशनर सैमसंग के स्मार्टथिंग्स ऐप के साथ वाई-फाई के जरिए आसानी से जुड़ सकते हैं। आप बिक्सबी वॉयस असिस्टेंट, एलेक्सा या गूगल होम का उपयोग करके इसे चालू/बंद कर सकते हैं या इसकी सेटिंग्स बदल सकते हैं। एआई ऑटो कूलिंग फीचर के जरिए कूलिंग को अपनी जरूरत के हिसाब से अनुकूलित किया जा सकता है। इसके अलावा,जियो-फेंसिंग आधारित वेलकम कूलिंग फीचर कमरे को ऑटोमेटिक रूप से ठंडा कर देता है, ताकि जब आप घर पहुंचें, तो पहले से ठंडक का अनुभव कर सकें।

सैमसंग ने एजुकेशन को दी नई दिशा: स्मार्ट टीवी पर EMBIBE का AI-पावर्ड लर्निंग प्लेटफ़ॉर्म हुआ उपलब्ध

गुरुग्राम: भारत के अग्रणी उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने EMBIBE के साथ एक नई साझेदारी की घोषणा की है। EMBIBE एक एआई-आधारित पर्सनलाइज्ड लर्निंग प्लेटफ़ॉर्म है, जिसे छात्रों की सीखने की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी और सहज बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस सहयोग के तहत EMBIBE को सैमसंग के एजुकेशन हब ऐप में जोड़ा जाएगा। यह ऐप विशेष रूप से टीवी पर शैक्षिक अनुभव को बेहतर बनाने के लिए तैयार किया गया है, जिससे छात्रों को एक व्यक्तिगत और इंटरएक्टिव सीखने का अनुभव मिलेगा। इस साझेदारी का उद्देश्य छात्रों को उनकी पढ़ाई में सहायता प्रदान करना है, चाहे वे CBSE, ICSE, IB, कैम्ब्रिज, या किसी राज्य बोर्ड के पाठ्यक्रम में हों। इसके साथ ही, यह IIT JEE और NEET जैसी प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी में भी मदद करेगा। सैमसंग एजुकेशन हब पर EMBIBE के माध्यम से उपलब्ध कराए गए इमर्सिव 3D व्याख्यात्मक वीडियो छात्रों के लिए सबसे कठिन विषयों को भी समझना आसान बनाएंगे।

सिम्फनी लिमिटेड ने स्वस्थ बालों और त्वचा के लिए हेयर फॉल कंट्रोल गीजर रेंज लॉन्च करने के के साथ वॉटर हीटिंग सॉल्यूशन क्षेत्र में प्रवेश किया

अहमदाबाद: सिम्फनी लिमिटेड ने वॉटर हीटिंग सॉल्यूशन क्षेत्र में प्रवेश किया है। कंपनी ने 9-लेयर पुरोपॉड टेक्नोलॉजी के साथ वॉटर हीटर की एक श्रृंखला लॉन्च की है जो कठोर पानी को नरम पानी में परिवर्तित करने के साथ हानिकारक रसायनों एवं असुद्धिओ को फ़िल्टर करती है, जो बालों के झड़ने के मुख्य कारणों में से एक है। कंपनी ने वॉटर हीटर सेगमेंट में 3 मॉडल - 9 एसकेयू - सिम्फनी स्पा, सिम्फनी सौना और सिम्फनी सोल 10-लीटर, 15-लीटर और 25-लीटर क्षमता में लॉन्च किए हैं। फाइव स्टार रेटेड वॉटर हीटर की रेंज सौंदर्य की दृष्टि से आकर्षक, हेवी-ड्यूटी हीटिंग तत्व, बेहतर स्थायित्व के लिए टाइटेनियम प्रो कोटिंग, लंबी उम्र के लिए मैग्नीशियम रॉड और व्यापक सुरक्षा सुविधाओं के साथ आती है। इसके अतिरिक्त, कंपनी ने अपनी सिम्फनी स्पा रेंज में स्मार्टबाथ तकनीक पेश की है। यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा संचालित भारत का पहला वॉटर हीटर है। इसकी टेक्नोलॉजी एक स्प्लैश-प्रूफ कंट्रोलर से बनाई गई है जो उपभोक्ताओं को अपने गीजर को शॉवर क्षेत्र के साथ-साथ दूर से भी आसानी से संचालित करने की सहुलियत देती है, जिससे उपयोग में आसानी और अधिक सुरक्षा सुनिश्चित होती है। कंट्रोलर में टाइम और टेंपरेचर कंट्रोल, जेस्चर कंट्रोल, चाइल्ड सेफ मोड इत्यादि सहित स्मार्ट सुविधाएं भी शामिल हैं। इस संबंध में सिम्फनी लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक अचल बकेरी ने कहा कि ‘‘सिम्फनी में, हम कल के बारे में सोचते हैं। हमारी इस सोच से प्रेरित होकर, हमने ग्राहकों के सुझाओ को एकत्र करने के बाद इस अद्वितीय गीजर रेंज को को विकसित किया है। यह गीजर स्नान करते समय भी बालों और त्वचा पर कठोर पानी के प्रभाव के साथ-साथ एडवांस्ड फिल्ट्रेशन और एआई-सक्षम, स्प्लैश-प्रूफ वायरलेस के साथ कंट्रोलर सहज संचालन सुनिश्चित करते हैं। यह गीजर प्रत्येक स्नान को अधिक स्मार्ट, सुरक्षित और अधिक शानदार बनाते हैं।'' कंपनी ने अपनी वॉटर हीटर रेंज को ई-कॉमर्स और डी2सी प्लेटफॉर्म पर राष्ट्रीय स्तर पर लॉन्च किया है। यह उत्पाद चुनिंदा राज्यों में मोर्डन रिटेल पर भी उपलब्ध है और कंपनी की शीघ्र ही राष्ट्रव्यापी विस्तार की योजना है। सिनेमा, सोशल मीडिया अभियान और आउटडोर विज्ञापन सहित विभिन्न विपणन प्रयास, इन इन्नोवेटिव स्टोरेज वॉटर हीटरों के लिए मांग के साथ महत्वपूर्ण चर्चा को बढ़ा रहे हैं। कंपनी ने कठोर पानी के कारण होने वाले बालों के झड़ने पर एक विज्ञापन अभियान और टीवी विज्ञापन केंपेन भी लॉन्च किया है, जिसमें स्वास्थ्य, सुरक्षा और आराम को कवर करने वाले हीटर रेंज के लाभों पर प्रकाश डाला गया है।

हेड श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट मैचों में सलामी बल्लेबाज के तौर पर कोंस्टास की जगह लेंगे



ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने की पुष्टि

गॉल(एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने पुष्टि की है कि बुधवार से शुरू हो रहे श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजी क्रम में सैम कोंस्टास की जगह उस्मान ख्वाजा के जोड़ीदार के तौर पर ट्रेविस हेड खेलेंगे। इस बीच, ऑस्ट्रेलिया ने उनके खेलने की पुष्टि नहीं की है और स्मिथ ने कहा कि गॉल की पिच की लगातार बदलती स्थिति के कारण लाइन-अप को अंतिम रूप देने में देरी होगी। कोंस्टास ने अपने पहले दो टेस्ट मैचों में प्रभावित किया और ऑस्ट्रेलिया को एक दशक में भारत पर पहली बार सीरीज जीतने में मदद की। लेकिन 2023 में ऑस्ट्रेलिया के भारत दौरे के आखिरी दो टेस्ट मैचों में चोटिल सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर की जगह लेने के दौरान हेड के प्रयासों ने उन्हें सलामी बल्लेबाज के तौर पर जगह दिलाई। स्मिथ ने ऑस्ट्रेलिया के अंतिम प्री-टेस्ट प्रशिक्षण सत्र से पहले संवाददाताओं से कहा, ट्रेविस शीर्ष पर जाएगा, मुझे लगता है कि इसके अलावा यह काफी स्थिर रहेगा। मुझे नहीं लगता कि इसमें बहुत ज़्यादा बदलाव होगा। चयनकर्ताओं को भारत में जो कुछ देखने को मिला, वह उन्हें पसंद आया, जब उसे (हेड को) मौका मिला। उसने नई गेंद को पकड़ा, तेज़ी से रन बनाए और तुरंत ही दबाव बना दिया, इसलिए मुझे लगता है कि यहां भी यही सोच है। यह स्पष्ट नहीं है कि कोंस्टास मध्य-क्रम बल्लेबाज के रूप में अपनी जगह बनाए रखेंगे या नहीं। हेड की पदोन्नति से पैदा हुई मध्य-क्रम की रिक्ति के लिए नाथन मैकस्वीनी और जोश इंगलिस दोनों दावेदार हैं। स्मिथ ने कहा, अगर वह नहीं खेलता है तो उसे काफी अभ्यास करना होगा, जो अपने आप में विकास के लिए बहुत बढ़िया है। मुझे केवल 2013 (भारत में) के बारे में सोचना है, जब मैंने पहले दो टेस्ट नहीं खेले थे, और मैंने नेट पर कितनी गेंदें खेली थीं और नेट गेंदबाजों का सामना करने से मैंने कितने कौशल विकसित किए थे। इसलिए चाहे वह खेले या नहीं, मुझे लगता है कि यह उसके लिए एक शानदार अनुभव होगा।

रोहित शर्मा के साथ ओपनिंग करेगा स्टार बल्लेबाज रयान डेविड रिकेल्टन

मुंबई इंडियंस को नहीं खलेगी ईशान किशन की कमी!

नईदिल्ली(एजेंसी)। आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन से मुंबई इंडियंस ने कई मैच विनर प्लेयर्स खरीदकर एक चैंपियन टीम तैयार कर ली है. लेकिन, फ्रेंचाइजी ने ईशान किशन को जाने दिया, ऐसे में सवाल उठता है कि अब मुंबई इंडियंस के लिए रोहित शर्मा के साथ ओपनिंग कौन करेगा? तो आइए आपको इस आर्टिकल में एक ऐसे धाकड़ खिलाड़ी के बारे में बताते हैं, जो मुंबई को ईशान की कमी नहीं खलने देगा. रोहित शर्मा का आईपीएल 2025 में ओपनिंग करना तय है. मगर, सवाल तो ये है कि ईशान किशन के जाने के बाद अब मुंबई के लिए रोहित के साथ ओपनिंग के लिए कौन आएगा? संभव है की हार्दिक पांड्या की कप्तानी वाली मुंबई की ओर से साउथ अफ्रीकी विकेटकीपर-बल्लेबाज रयान डेविड रिकेल्टन पारी की शुरुआत करने आ सकते हैं. इस खिलाड़ी को मुंबई ने सिर्फ 1 करोड़ रुपये में खरीदा है, लेकिन वो आईपीएल 2025 में ईशान किशन को रिप्लेस करने के लिए बेस्ट साबित हो सकते हैं. वह अच्छी तरह प्लेइंग-11 में फिट हो जाएंगे. वह विकेटकीपर भी हैं और ईशान किशन के अच्छे रिप्लेसमेंट साबित हो सकते हैं. 28 साल के साउथ अफ्रीकी विकेटकीपर बल्लेबाज रयान रिकेल्टन ने अब तक 13 टी20 मैच खेले हैं, जिसमें 134.87 की स्ट्राइक रेट से 263 रन बनाए हैं.

न्यूजीलैंड की अमेलिया केर को आईसीसी महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया

दुबई,(एजेंसी)। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने न्यूजीलैंड की अमेलिया केर को आईसीसी महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर के लिए राचेल हेहो फ्लिंट ट्रॉफी का विजेता घोषित किया है। कैलेंडर वर्ष के दौरान खेल के सभी प्रारूपों में शानदार प्रदर्शन करने वाली केर 2024 में व्हाइट फर्न्स को उनके पहले आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के लिए प्रेरित करने के बाद प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीतने वाली पहली न्यूजीलैंडर बन गई हैं। अकेले टी20 में, केर ने 15.55 की औसत से 387 रन बनाए और 29 विकेट लिए, फिर भी विश्व कप अभियान के दौरान उनकी प्रतिभा सबसे अधिक स्पष्ट थी - एक ही संस्करण में सबसे अधिक विकेट (15) का नया रिकॉर्ड खिलाफ,

केर ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों पर काबू पाते हुए 38 गेंदों पर 43 रन बनाए और फिर खतरनाक लॉरा वोल्वार्ट और एनेके बॉश को आउट करके 24 रन देकर तीन विकेट चटकाए और जश्न के बीच 32 रनों की जीत दर्ज की। जबकि उनका साल सबसे छोटे प्रारूप में उनके ऐतिहासिक कारनामों के लिए सबसे ज्यादा याद किया जाएगा, केर ने वनडे में भी प्रभावित किया, 33.00 की औसत से 264 रन बनाए और 14 विकेट लिए, जिसमें भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार विकेट शामिल हैं। 24 वर्षीय खिलाड़ी ने दक्षिण अफ्रीका की कप्तान वोल्वार्ट, श्रीलंका की चामरी अथापथु और ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड को पछाड़कर यह बनाया और फाइनल में एक अविस्मरणीय व्यक्तिगत प्रदर्शन के साथ ट्रॉफी और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का सम्मान हासिल किया। सबसे बड़े मंच पर, फॉर्म में चल रही दक्षिण अफ्रीकी टीम के पुरस्कार जीता।

भारत के डिजिटल पेमेंट्स में यूपीआई की हिस्सेदारी बढ़कर 83 प्रतिशत हुई : आरबीआई रिपोर्ट

मुंबई(एजेंसी)। भारत के डिजिटल पेमेंट्स सिस्टम में यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) की हिस्सेदारी 2024 में बढ़कर 83 प्रतिशत हो गई है, जो कि 2019 में 34 प्रतिशत थी। इस दौरान यूपीआई 74 प्रतिशत के चक्रवृद्धि औसत वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ा है। यह जानकारी आरबीआई द्वारा एक रिपोर्ट में दी गई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की रिपोर्ट में बताया गया कि समीक्षा अवधि में अन्य पेमेंट सिस्टम्स जैसे आरटीजीएस, एनईएफटी, आईएमपीएस, क्रेडिट कार्ड और डेबिट कार्ड की हिस्सेदारी 66 प्रतिशत से गिरकर 17 प्रतिशत रह गई है। रिपोर्ट में बताया गया कि यूपीआई देश के डिजिटल पेमेंट सिस्टम को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रहा है। इसकी वजह यूपीआई का उपयोग में आसान होना है। व्यापक स्तर पर यूपीआई लेनदेन की वॉल्यूम बढ़कर 2024 में 17,221 करोड़ हो गई है, जो कि 2018 में 375 करोड़ थी। इस दौरान कुल लेनदेन की वैल्यू 5.86 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 246.83 लाख करोड़ रुपये हो गई है। रिपोर्ट में बताया गया कि यूपीआई की वॉल्यूम और वैल्यू बीते पांच वर्षों में 89.3 प्रतिशत और 86.5 प्रतिशत के सीएजीआर से बढ़ी है। पी2पी (पर्सन-टू-पर्सन) और पी2एम (पर्सन-टू-मर्चेंट) दोनों ही लेनदेन यूपीआई की सुरक्षित और रियल टाइम भुगतान क्षमताओं का लाभ उठाते हैं, जिससे व्यक्तियों और व्यवसायों के लिए पारंपरिक और समय लेने वाले तरीकों पर निर्भर हुए बिना वित्तीय लेनदेन करना आसान हो जाता है। यूपीआई पी2एम लेनदेन की वॉल्यूम, यूपीआई पी2पी लेनदेन की वॉल्यूम से अधिक हो गई है। हालांकि, वैल्यू में यूपीआई पी2पी लेनदेन अभी भी यूपीआई पी2एम लेनदेन से अधिक है। पिछले कुछ वर्षों में यूपीआई की शानदार प्रगति और उपलब्ध डिजिटल भुगतान के अधिक विकल्पों से भारत में डिजिटल भुगतान में मजबूत वृद्धि देखी गई है। अकेले 2024 में भारत में 208.5 अरब डिजिटल भुगतान लेनदेन दर्ज किए गए हैं।

नेमार के साथ अनुबंध आपसी सहमति से समाप्त कर दिया गया : अल-हिलाल क्लब

रियो दि जिनेरियो(एजेंसी) । सऊदी अरब के क्लब अल-हिलाल ने कहा है कि उसकी स्ट्राइकर नेमार के साथ आपसी सहमति से अनुबंध समाप्त करने के लिए सहमति बनी है। किसी भी पक्ष ने अनुबंध समाप्त करने के विवरण की पुष्टि नहीं की। कभी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक माने जाने वाले ब्राजील के 32 वर्षीय नेमार ने क्लब के लिए केवल सात मैच खेले जिसमें उन्होंने केवल एक गोल किया और दो गोल करने में मदद की। एसीएल (पैर की चोट) चोट के कारण अक्टूबर 2023 से बाहर रहने के बावजूद बार्सीलोना और पेरिस सेंट जर्मेन टीम के पूर्व खिलाड़ी नेमार को पिछले सत्र में सऊदी लीग जीतने वाली टीम में शामिल किया गया था। इस साल के फीफा क्लब विश्व कप में अल-हिलाल के हिस्सा लेने के बाद नेमार के साथ उनका करार समाप्त होने वाला था। क्लब विश्व कप 15 जून से 13 जुलाई के बीच अमेरिका में खेला जाएगा। क्लब ने सोमवार को अपने सोशल मीडिया चैनलों पर प्रकाशित एक बयान में कहा कि वह नेमार के प्रति आभार व्यक्त करता है और उनकी प्रशंसा करता है। स्ट्राइकर नेमार अगस्त 2023 में पेरिस सेंट जर्मेन से सऊदी क्लब में नौ करोड़ यूरो (नौ करोड़ 40 लाख डॉलर) में शामिल हुए। यह उन कई करार मेंसे एक था जिसने अरब देश को दुनिया के नए बड़े फुटबॉल बाजारों में से एक बना दिया। लेकिन नेमार को अपने करियर की सबसे गंभीर एसीएल चोट लग गई जब वह अल-हिलाल में शामिल होने के कुछ ही महीनों बाद ब्राज़ील के लिए खेल रहे थे।

ग्लोब टेक्सटाइल्स का 4,504 लाख रुपये का राइट्स इश्यू पहले ही दिन 14.69 प्रतिशत सब्सक्राइब हुआ

अहमदाबाद: ग्लोब टेक्सटाइल्स (इंडिया) लिमिटेड के 4,504 लाख रुपये के राइट्स इश्यू को पहले ही दिन 14.69त्न का सब्सक्रिप्शन प्राप्त हुआ। कंपनी टेक्सटाइल प्रोडक्शन, सूती प्रिंटेड फैब्रिक्स, होम टेक्सटाइल्स और फैंसी फैब्रिक्स के उत्पादन में अग्रणी प्लेयर है। यदि राइट्स इश्यू की प्रमुख जानकारियों के बारे में बात करें तो -राइट्स इश्यू 24 जनवरी को खुला था और अब 6 फरवरी को बंद होगा। शेयर मूल्य 3 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है, जबकि 24 जनवरी को खुलते ही शेयर का बाजार मूल्य 3.78 रुपये था। 17 जनवरी 2025 की रिकॉर्ड तिथि पर पात्र शेयरधारकों को 1:2 के अनुपात में शेयर मिलेंगे (हर दो शेयरों पर एक नया शेयर)। राइट्स एंटाइटलमेंट (GLOBE-RE1) के तहत नए निवेशक भी इस इश्यू में भाग ले सकते हैं। ग्लोब टेक्सटाइल्स के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर भाविक पारिख ने कहा, पहले ही दिन लगभग 15त्न सब्सक्रिप्शन मिलना हमारी कंपनी में निवेशकों के विश्वास को दर्शाता है। इस राइट्स इश्यू के माध्यम से हम स्ट्रेटेजिक एक्सपान्शन और एक्विजिशन के लिए जरूरी फंड जुटाना चाहते हैं, जिससे लोन्ग टर्म ग्रोथ संभव होगा।

कंपनी के वित्तीय प्रदर्शन की बात करें तो सितंबर 2024 तिमाही में कंपनी का नेट प्रोफिट 380 लाख रुपये रहा, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही में 134 लाख रुपये था। वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में कंपनी ने 652 लाख रुपये का नेट प्रोफिट अर्जित किया, जो पूरे वित्त वर्ष 2023-24 के 575 लाख रुपये से अधिक है। कंपनी की दूसरी तिमाही (Qw FY24-25) की ग्रोस इन्कम 15,019 लाख रुपये रही, जो पिछले वर्ष की समान अवधि (त्त2 स्नङ्घ23-24) में 10,611 लाख रुपये थी।

राइट्स इश्यू से प्राप्त धन के उपयोग के बारे में जो जानकारी बहार आ रही है उसके अनुसार कंपनी ग्लोब डेनवॉश प्राइवेट लिमिटेड में इक्विटी लेने वाली है। इसके अलावा कंपनी द्वारा लिये गये अनसिक्योर्ड लोन को चुकाया जाना है। कंपनी के ग्रोथ को देखते हुए वर्किंग केपिटल की आवश्यकताओं को पूरा करने के अलावा जनरल कोर्पोरेट जरूरतो के पूर्ति के लिए इसका उपयोग किया जायेगा।

शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही और में अपने बेहतरीन परफॉरमेंस को जारी रखा

इंदौर, मध्य प्रदेश (भारत)- शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड (एसपीआईएल) ने 31 दिसंबर 2024 को खत्म होने वाली तिमाही और नौ महीने समाप्त होने पर वित्तीय परिणामों की घोषणा की। शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड के चेयरमैन, श्री दिनेश पाटीदार ने कंपनी के परफॉरमेंस पर हर्ष जताते हुए कहा, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हमारी कंपनी ने प्रतिष्ठित ग्रेट प्लेस टू वर्क सर्टिफिकेट प्राप्त किया है. जो हमारी मजबूत और मोटीवेटेड टीम की बदौलत हासिल हुआ है, जिसने कंपनी के विकास में अपना योगदान दिया है। कंपनी को मिले ऑर्डर्स के परफॉरमेंस और इफिशिएंसी के कारण स्ट्रॉग फाइनेंशियल परफॉरमेंस के कारण बेहतरीन वित्तीय प्रदर्शन किया है, जिसके परिणामस्वरूप मार्जिन में भी बढ़ोतरी हुई है।

31 दिसंबर 2024 तक, कंपनी के पास कुल 2070 करोड़ रुपये (जीएसटी सहित) के ऑर्डर थे, जिन्हें अगले एक साल में पूरा करना है। इस तिमाही में, कंपनी को महाराष्ट्र की मैगेल त्याला सौर कृषि पंप स्कीम के तहत 25,000 पंपों के लिए 754.3 करोड़ रुपये का बड़ा ऑर्डर मिला। इसके अलावा, हरियाणा रिन्यूएबल एनर्जी डिपार्टमेंट (एचएआरईडीए) से 3,174 पंपों के लिए 116.36 करोड़ रुपये का ऑर्डर भी प्राप्त हुआ। कंपनी ने केवल पीएम-कुसुम योजना पर निर्भर न रहकर अन्य योजनाओं से भी ऑर्डर लेना शुरू किया है। इस विविधता की वजह से, कंपनी को अपने भविष्य के विकास पर पूरा भरोसा है।

सोलर रूफटॉप एक शानदार अवसर है, जिसे सरकार की 'पीएम सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना जैसी पहल से बढ़ावा मिल रहा है। इस योजना के लिए सरकार ने 75000 करोड़ रुपये का इन्वेस्टमेंट तय किया है। सरकार किसानों की भलाई और पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए रिन्यूएबल एनर्जी को खेती से जोड़ने पर जोर दे रही है। इस पहल से न केवल किसानों को फायदा होगा, बल्कि उनके ऊर्जा जरूरतों को पूरा करके उनके खर्च भी कम होंगे।

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, गुरुवार 30 जनवरी 2025

कांग्रेस ने 40 तो बीजेपी ने सिर्फ 4 मुस्लिम उतारे

रायपुर (विसं)। छत्तीसगढ़ में मेयर, पार्षद, अध्यक्ष के लिए प्रत्याशी घोषित होते ही कांग्रेस-बीजेपी में दावेदारों ने बगावती तेवर अपना लिए हैं। कांग्रेस में सबसे ज्यादा नाराजगी दिख रही है। इनमें रायपुर, बिलासपुर, अंबिकापुर समेत 7 नगर निगम में कांग्रेस के मेयर-पार्षद दावेदारों खुलकर विरोध कर रहे हैं, जबकि, बीजेपी में कुछ जगहों पर ही विरोध है। रायपुर निगम में सबसे ज्यादा मेयर के 28 दावेदार सामने आए हैं। वहीं मुस्लिम प्रत्याशियों की बात करें तो कांग्रेस ने 10 नगर निगमों के 542 वार्डों में पार्षद के लिए 40 मुस्लिम उम्मीदवार बनाए हैं, जो 7.38 प्रतिशत है। वहीं बीजेपी ने 542 वार्डों में सिर्फ 4 कैंडिडेट्स को ही टिकट दिया है, जो 0.73 परसेंट हैं।

पारस सेल्स का भव्य शुभारंभ

रायपुर (विश्व परिवार)। शहर के हृदय स्थल में स्थित मिलेनियम प्लाजा जी ई रोड, रायपुर में पारस सेल्स प्रतिष्ठान का भव्य शुभारंभ विधि विधान पूर्वक दिनांक 29 जनवरी 2025 दिन बुधवार को हुआ।

इस अवसर पारस सेल्स एवं पारस मेडिकोज के संचालक श्री जयंत जैन, श्री विजय जैन ने बताया कि हमारे इस नवीन प्रतिष्ठान में विभिन्न कंपनियों के सभी प्रकार के मेडिकल जांच उपकरण, दवाएं एवं सर्जिकल सामान की श्रृंखला उचित दाम पर उपलब्ध रहेगी। सभी आगंतुकों का स्वागत जैन (कस्तूरे) परिवार ने किया।

ऑटो एक्सपो में पिछले साल की बिक्री का रिकार्ड टूटा, अब तक 11,604 वाहनों की हुई बिक्री

डिप्टी सीएम साव के साथ केक काटकर किया गया सेलिब्रेशन

रायपुर (विश्व परिवार)। ऑटो एक्सपो 2025 को शानदार रिस्पांश मिल रहा है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि पिछले साल ऑटो एक्सपो में कुल जितने वाहन बिके थे उससे कहीं अधिक इस बार पन्द्रह दिन के पहले ही बिक चुके हैं। अभी 15 फरवरी तक आयोजन का समय बाकी है, मतलब तय है कि एक नया अयाम छू कर जायेगा इस बार का ऑटो एक्सपो। पिछली बार कुल 10014 वाहनों की बिक्री हुई थी जबकि इस बार 28 जनवरी तक की स्थिति में कुल 11604 वाहन बिक चुके हैं। उपमुख्यमंत्री अरुण साव के साथ राडा मेंबर्स ने केक काटकर इसका सेलिब्रेशन किया। सर्वाधिक बिक्री कार व मोटरसाइकल की हो रही है। रोजाना न्यू माडल की लांचिंग भी हो रही है। स्टेज परफार्म में डांस ट्रूप व राकस्टार बैंड की शानदार पेशकश का विजिटर्स ने भरपूर आनंद लिया।

रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसियेशन (राडा) के अध्यक्ष श्री रविन्द्र भसीन, उपाध्यक्ष कैलाश खेमानी, सचिव विवेक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मुकेश सिंघानिया ने बताया कि शानदार बिक्री की चलते सभी डीलर्स ने कंपनियों से भरपूर स्टाक मंगा लिए हैं ताकि किसी प्रकार शार्टेज की स्थिति न बने। चूंकि महीने पर का एक्सपो तय था इसलिए तैयारी भी राडा ने व्यापक पैमाने पर हर एंगल से कर रखा है। मिलते शानदार रिस्पांश को देखकर बीच में विस्तार भी किया गया। आज के स्पेशल गेस्ट रहे श्री अरूण साव, उप मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन व कैट के अध्यक्ष जितेन्द्र दोषी व टीम। राडा मेंबर्स ने उनका स्वागत करते एक्सपो आयोजन के संदर्भ में पूरी जानकारी दी, उन्होने विभिन्न स्टालों में पहुंचकर प्रत्यक्ष निरीक्षण भी किया और आयोजन की प्रशंसा भी की।

श्री कैलाश खेमानी ने बताया कि हम अपने वादे के मुताबिक किसी न किसी व्हीकल के न्यू माडल की लांचिंग रोज कर रहे हैं। इस कड़ी में आज टीवीएस अपाचे 160, टाटा नेक्सन सीएनजी तथा बाइक में गोअन क्लासिक 350 व स्क्रैम-440 की लॉचिंग की गई। गुरुवार को अशोक लीलेंड एससीव्ही साथी की लॉचिंग होगी। सभी वाहनों की अपनी खूबियां हैं। जहां तक टीवीएस अपाचे 160, 4व्ही का सवाल है, बहुत ही शानदार वैरिएंट है 37 एमएम यूएसडीएस के साथ जिसमें 3 राइडिंग मोड स्पोर्ट अर्बन व रेन है। इसका कलर भी अपडेट किया गया है जिससे यह शार्प व युवा दिखती है मतलब नए पीढ़ी के लोगों की यह पसंद बनेगी।

टाटा नेक्सॉन सीएनजी के हर फीचर काबिले तारीफ है, माडर्न लुक, जबरदस्त परफार्मेंस और टेक्नोलाजी का बेजोड़ संगम है। इसलिए इसे देखते ही कस्टमर पसंद करने लगते हैं। भारत में सीएनजी कारों में सबसे ज्यादा बिकने वाली कारों में इसका नाम शुमार है।

रॉयल एनफील्ड ने 350 सीसी सेगमेंट में अपनी पकड़ मजबूत करते हुए भारतीय बाजार में नई गोअन क्लासिक 350 (रॉयल एनफील्ड गोअन क्लासिक 350) मोटरसाइकिल लॉन्च की हैं आज रायपुर के ऑटो एक्सपोमें इसकी लांचिंग की गई।

खास बात यह है कि इसे सिंगल-टोन और डुअल-टोन पेंट ऑप्शन में पेश किया गया है, इसमें कई बड़े बदलाव किए गए हैं जो इसे ज्यादा प्रीमियम और आकर्षक बनाते हैं.इसके फीचर्स में एलईडी लाइटिंग, सेमी-डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, एडजस्टेबल लीवर और रॉयल एनफील्ड का ट्रिपर नेविगेशन सिस्टम शामिल है.रॉयल एनफील्ड स्क्रैम 440 में पहले से ज्यादा पावरफुल 440 सीसी का इंजन मिलेगा. बड़े इंजन के अलावा नए मॉडल में ज्यादा पावर, फीचर्स और नए कलर ऑप्शन भी मिलेंगे। ऑटो एक्सपो की सुरमयी शाम बड़ी ही सुहानी रहती है जब वाहनों की एक बड़ी रेंज के बीच एक्सपो के बीचो बीच बने विशाल स्टेज पर रोजाना कुछ न कुछ नया सुनने व देखने को मिलता है। बुधवार को डांस ट्रूप व राकस्टार बैंड की शानदार पेशकश का विजिटर्स ने भरपूर आनंद लिया।

संक्षिप्त समाचार

तीन बार के पार्षद समीर अख्तर आम आदमी पार्टी में शामिल

रायपुर (विश्व परिवार)। पूर्व कांग्रेस नेता और 3 बार के रायपुर से पार्षद रह रह चुके समीर अख्तर ने आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया है। आम आदमी पार्टी ने नगर निगम रायपुर के वार्ड 62 से अधिकृत प्रत्याशी रमीज अलियाज की जगह उन्हे पार्टी का प्रत्याशी बनाया है। समीर अख्तर का कहना है कि कांग्रेस पार्टी के साथ ईमानदारी से काम करने के बावजूद मुझे महत्व नहीं दिया गया। कांग्रेस में ईमानदारी से झंडा उठाने वाले कार्यकर्ताओं के साथ अच्छा व्यवहार नहीं किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि मैं आम आदमी पार्टी की विचारधारा से प्रभावित हूँ और अब आम आदमी पार्टी के साथ ईमानदारी से काम करूँगा। बता दें कि समीर अख्तर रायपुर के शहीद राजीव पांडेय वार्ड 62 से 3 बार के पार्षद रह चुकें हैं और वर्तमान में भी वार्ड से पार्षद हैं, वे कांग्रेस से एम आई सी सदस्य भी रहें हैं। समीर अख्तर के साथ वार्ड 62 से शारदा सिंह, किशोर श्रीवास, सोनू पाल, विष्णु सोनीअनीज अहमद (पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष वार्ड 62), शेख खलील, हबीब अख्तर, नसीम खान, अशफाक खान, हमीदा बेगम अशरफी और यूनुस अशरफी सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने आम आदमी पार्टी में प्रवेश किया।

अमावस्या को अन्नदान करने से पितर दोष होता है कम

रायपुर (विश्व परिवार)। पिछले दिनों काली मंदिर के प्रागंण में अखिल भारतीय प्रजापति कु भकार महिला समाज द्वारा अन्नदान किया गया। जिसमें पुलाव, मिठाई का वितरण किया गया। ऐसी मान्यता है कि अमावस्या के दिन दान करने से पितर दोष कम होता है। इसी कड़ी में समाज की बहने हर अमावस्या को खाद्य प्रदार्थ का दान करती हैं। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष लीला प्रजापति व महासचिव लक्ष्मी प्रजापति, मुन्नी प्रजापति, शीला प्रजापति, सरिता चन्द्रकला, अलका सहित महिलाएं शामिल होती है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भैरूलाल बाबरिया, ओमप्रकाश, जगदीश, हितेश सुशील धासोलिया ने भाग लिया।

छत्तीसगढ़ में गूंजेगा खेलों का शंखनाद, नेशनल गेम्स के आयोजन का संकल्प : सांसद बृजमोहन अग्रवाल

रायपुर सांसद ने नेशनल गेम्स के खिलाड़ियों को दिया किट

रायपुर (विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष एवं सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल जी ने उत्तराखंड में चल रहे 38वें नेशनल गेम्स में भाग लेने जा रही राज्य की विभिन्न खेल टीमों को किट वितरण कर खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने कालिरियपायट्टू में गोल्ड मेडल जीतने वाली प्रदेश की खिलाड़ी को सुश्री मिशा सिंधु को बधाई देते हुए इसे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का क्षण बताया।

इस अवसर पर बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि भाजपा सरकार हमेशा से खेल और खिलाड़ियों के विकास के लिए समर्पित रही है। उनके खेल मंत्री कार्यकाल के दौरान खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार, सरकारी नौकरी तथा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाओं में अतिरिक्त अंक देने की पहल की गई थी। रायपुर में अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम, इंडोर स्टेडियम और हॉकी स्टेडियम का निर्माण भी इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। श्री अग्रवाल ने आश्वासन दिया कि आने वाले समय में छत्तीसगढ़ में नेशनल गेम्स के आयोजन किया जाएगा जिसके लिए वो दिल्ली में केंद्रीय खेल मंत्री और संघ के पदाधिकारियों से चर्चा करेंगे। जिससे राज्य के खिलाड़ियों को अपने घरेलू मैदान पर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।

इस अवसर पर विधायक श्री अनुज शर्मा, विधायक गुरु खुशवंत साहेब, छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के कार्यकारी सदस्य डॉ. अतुल शुक्ला, श्री रूपेंद्र सिंह चौहान, डॉ. कार्मिष्ट शंभरकर, श्री विजय अग्रवाल सहित संघ के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

एनआईटी रायपुर और आईजीकेवी रायपुर में इंजीनियरिंग-कृषि सहयोग के लिए हुआ एमओयू

रायपुर (विश्व परिवार)। इंजीनियरिंग और कृषि क्षेत्र को सुदृढ़ करने और संबंधों को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर और इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय (आईजीकेवी) रायपुर ने 27 जनवरी 2025 को आईजीकेवी रायपुर में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस साझेदारी का उद्देश्य दोनों क्षेत्रों की विशेषज्ञता को मिलाकर नवाचार को बढ़ावा देना और वास्तविक दुनिया की चुनौतियों का समाधान करना है।

एमओयू समारोह में दोनों संस्थानों के प्रमुख प्रतिनिधि शामिल हुए। एनआईटी रायपुर से निदेशक प्रो. एन.वी. रमना राव, डीन(रिसर्च एंड कंसल्टेंसी) डॉ. जी.सी. मिश्रा और मैकेनिकल इंजीनियरिंग में सहायक प्रोफेसर डॉ. श्री निवासु जी.एस. ने भाग लिया। आईजीकेवी का प्रतिनिधित्व कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल, एसवीसीएईटी के डीन डॉ. वी.के. पांडे और खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के डीन डॉ. ए.के. दवे ने किया इस दौरान अन्य डीन, वरिष्ठ संकाय सदस्य और विभागाध्यक्ष मौजूद रहे। इस सहयोग का उद्देश्य संधारणीय कृषि प्रौद्योगिकियों, कृषि मशीनरी डिजाइन और संसाधन-कुशल प्रथाओं जैसे क्षेत्रों में संयुक्त अनुसंधान को बढ़ावा देना है। दोनों संस्थान संकाय आदान-प्रदान, छात्र इंटर्नशिप और अन्य सहयोगी परियोजनाओं पर भी मिलकर काम करेंगे।

इस साझेदारी से छात्रों, शोधकर्ताओं और बड़े पैमाने पर समुदाय को कृषि चुनौतियों के लिए उन्नत समाधान विकसित करने में लाभ मिलने की उम्मीद है। यह अंत:विषय सहयोग में एक मील का पत्थर है, जो समाज की बेहतरी के लिए दो प्रमुख संस्थानों को एक साथ लाता है।

निकायों में कांग्रेस के घपले-घोटालों पर आरोप पत्र लाएगी भाजपा, जरूरत पड़ी तो जांच भी कराएगी : अरुण साव

कांग्रेस में अंदरूनी आपातकाल जैसे हालात, परिवारवाद यहां भी भारी

रायपुर (विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री/नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव ने कहा है कि राज्य के 10 नगर निगमों, 49 नगर पालिकाओं और 114 नगर पंचायतों में जो चुनाव हो रहा है, उसके लिए नामांकन दाखिले का काम मंगलवार को पूर्ण हो चुका है और बुधवार को नामांकन पत्रों की समीक्षा हो रही है। इस बीच अनेक स्थानों पर उन्हें 2023 के विधानसभा, 2024 के लोकसभा चुनावों और रायपुर दक्षिण उपचुनाव के समय जैसा उत्साह था, वैसा ही उत्साह निकाय चुनावों की नामांकन रैलियों में दिखाई पड़ा है। श्री साव ने कहा कि यह बताता है कि नगरीय निकाय में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में लहर चल रही है और भाजपा सभी नगरीय निकायों में चुनाव जीतने वाली है। श्री साव बुधवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में आहूत पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

श्री साव ने कांग्रेस में मचे अंदरूनी घमासान पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस की हालत सबके सामने है। पिछले 5 दिनों में जो मंजर प्रदेशवासियों ने देखा है, उससे स्पष्ट है कि कांग्रेस पार्टी में कैसी ऊहापोह और आपाधापी मची है, किस तरह से और कैसे प्रत्याशियों का चयन हो रहा है! श्री साव ने कहा कि यह कितनी दुर्भाग्यजनक बात है कि महापौर जैसे पद के लिए कांग्रेस के पास जमीन पर काम करने वाली कोई कांग्रेस नेत्री नहीं मिली। अपने कार्यकर्ताओं की कैसी उपेक्षा और अपमान कांग्रेस पार्टी ने किया है, यह प्रत्याशियों का विश्लेषण करने पर साफ हो जाएगा। कम-से-कम महापौर के पद पर भी संगठन में, जनता के बीच काम करने वाले प्रत्याशी तक कांग्रेस लेकर नहीं आ पाई। श्री साव ने कहा कि कांग्रेस ने रायपुर नगर निगम में 15 साल राज किया। राज्य के अधिकांश नगर निगमों में कांग्रेस का बहुमत था, पर निवर्तमान महापौर, जो नगरीय निकाय के पदाधिकारी हैं, उनको कांग्रेस पार्टी ने छिपा लिया।

उत्कृष्ट कार्यों के लिए सुबोध सिंह ने विद्युत कर्मियों को किया पुरस्कृत

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह को तीन लाख का पुरस्कार

रायपुर (विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए राज्य स्तर पर विद्युतकर्मियों एवं संस्थानों को प्रदेश के प्रमुख सचिव (ऊर्जा) एवं पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष श्री सुबोध कुमार सिंह ने पुरस्कृत किया। जनरेशन कंपनी के सर्वश्रेष्ठ विद्युत गृह का पुरस्कार डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह, कोरबा पूर्व को प्रदान किया गया, इसमें तीन लाख रूपए के साथ प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

इस अवसर पर तीनों कंपनियों के एमडी सर्वश्री एसके कटियार, आरके शुक्ला, भीमसिंह कंवर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। पुरस्कारों की घोषणा मुख्य अभियंता मानव संसाधन श्री वीके दीक्षित ने की। तीनों पॉवर कंपनी के लिए 6 समूह पुरस्कार प्रदान किए गये जिसमें सर्वश्रेष्ठ विद्युत गृह का पुरस्कार डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह, कोरबा पूर्व को प्रदान किया गया। न्यूनतम ट्रांसफॉर्मर फेलुअर संभाग के लिए कार्यपालन अभियंता (संचा एवं संधा) संभाग, बालोद, न्यूनतम लाइन लॉस संभाग के लिए कार्यपालन अभियंता (संचा एवं संधा) कवर्धा को, सर्वोत्तम राजस्व प्रबंधन संभाग के लिए कार्यपालन अभियंता (संचा एवं संधा) दुर्ग को, सर्वोत्तम उपकेंद्र संभाग के लिए कार्यपालन अभियंता (उपकेंद्र) संभाग, राजनांदगांव, सर्वोत्तम निर्माण संभाग का पुरस्कार कार्यपालन अभियंता अति उच्चदाब (निर्माण) संभाग, भिलाई को 50-50 हजार रूपए की राशि व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

व्यक्तिगत पुरस्कारों में डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के श्री फूलसिंह पटेल (लाइन सहायक श्रेणी-2, दुधावा वितरण केंद्र), श्री अमीर उल्लाह खान (सहायक यंत्री, सतर्कता संभाग, रायगढ़), जनरेशन कंपनी की श्रीमती रंजना फुटाने (कार्यपालन अभियंता), श्री योगेश्वर साहू (सहायक अभियंता, अटल बिहारी ताप विद्युत गृह, मड़वा), ट्रांसमिशन कंपनी के श्री पंकज सिंह परमार (उपमहाप्रबंधक मानव संसाधन, रायपुर) श्री विनोद कुमार गोरे (कनिष्ठ यंत्री, 220 केवी उपकेंद्र, सिलतरा) को उल्लेखनीय कार्यों के लिए पुरस्कृत किया गया।

इसी तरह मुख्यालय स्तर पर उत्कृष्ट कार्यों के लिए 6 कर्मियों को पुरस्कार प्रदान किया गया, जिसमें डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी की सुश्री तृप्ति भालेकर (सहायक अभियंता, ईआईटीसी, रायपुर), श्री देवेंद्र बडोले (सहायक अभियंता, मीटर परीक्षण संभाग एक, रायपुर), जनरेशन कंपनी के श्री गोपाल गोहिल (प्रबंधक, वित्त, रायपुर), श्री संदीप वर्मा (सहायक अभियंता, संचा. एवं संधा.: उत्पादन, रायपुर), ट्रांसमिशन कंपनी की श्रीमती नलिनी द्विवेदी (सहायक अभियंता, पीसी एंड आरए, रायपुर) एवं श्री राजेश कुमार चिंदेकर (दफ्तरी, क्षेत्रीय भण्डार, भिलाई) को पुरस्कृत किया गया।

सुरक्षा एवं सतर्कता विभाग में परेड प्रस्तुति के लिए श्री आरके साहू, श्री पीएस सिंह को, बेस्ट टर्न आउट के लिए श्री ओंकार सिंह कोर्राम (मुख्य सुरक्षा सैनिक), श्री संजोत तोरांव (सुरक्षा सैनिक), श्री राकेश फेक्कर (निजी सुरक्षा सुपरवाईजर) श्री रवि औसर (निजी सुरक्षा सैनिक) एवं बैंड संचालन के लिए श्री ताराचंद बैन को पुरस्कृत किया गया।

रेल प्रबंधक दयानंद द्वारा इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन के विविध कार्यक्रमों का किया शुभारंभ

रायपुर (विश्व परिवार)। रायपुर मंडल में दिनांक 27 जनवरी 2025 से दिनांक 03 फरवरी 2025 तक इलेक्ट्रिक ट्रेक्शन के 100 गौरवशाली वर्ष सप्ताह मनाया जा रहा है, इस अवसर को यादगार बनाने हेतु दिनांक 22 जनवरी 2025 को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक श्री तरूण प्रकाश महोदय द्वारा इलेक्ट्रिक ट्रेक्शन के 100 गौरवशाली वर्षो के आयोजन बैनरो का शुभारंभ किया गया एवं श्री रामेन्द्र तिवारी, प्रधान मुख्य विद्युत इंजीनियर, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर द्वारा इस आयोजन को बडे पैमाने पर मनाने की अपील की गई है।

रायपुर मंडल से मंडल रेल प्रबंधक महोदय श्री दयानंद द्वारा विविध कार्यक्रमो का शुभारंभ किया गया इस अवसर पर वरि.मंडल विद्युत इंजीनियर/कर्षण/रायपुर श्री प्रतीक मिश्रा, वरि.मंडल विद्युत इंजीनियर/परि./रायपुर श्री अनुराग तिवारी, वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर/चल स्टां एवं सा/रायपुर श्री महावीर कुमार जैन, मंडल विद्युत इंजीनियर/कर्षण/रायपुर श्री विवेक कुमार एवं मंडल विद्युत इंजीनियर/निर्माण/रायपुर श्री प्रसून बोपचे उपस्थित रहे। बैनर को रायपुर मंडल के कार्यालयो, सभी प्रमुख रेलवे स्टेशनो, कोचिंग डिपो दुर्ग, विद्युत लोको शेड भिलाई, डीजल लोको शेड रायपुर, वैगन रिपेयर शांप रायपुर व अन्य स्थानो पर लगाकर प्रमुख रूप से प्रदर्शित किया गया।

इस आयोजन के दौरान विद्युत विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन आयोजित कि जा रही है जैसे कि ड्राइग प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, सेमिनार, निबंध लेखन इत्यादि कार्यक्रम आयोजित कि जा रही है जिसमें रेल कर्मचारी एवं उसके परिवारजनो द्वारा बढ-चढकर हिस्सा लिया जा रहा है। मंडल के सभी क्रू लॉबी कर्मचारियों द्वारा प्रतिदिन प्रभात फेरी निकला जा रहा है एवं रेलवे स्टेशनो में आम नागरिको को इस उपलब्धि से अवगत कराया जा रहा है।

पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी हायर सेकंडरी स्कूल डब्लू आर एस कालोनी के 9 वी एवं 11 वी के छात्र-छात्राओं को मंडल कार्यालय स्थित कंट्रोल आफिस का दौरा कराया गया एवं ट्रैक्शन पावर कंट्रोल तथा स्काडा सिस्टम के कार्य के साथ ही साथ भारतीय रेलवे में सन 1925 से 2025 तक विधुत ट्रैक्शन के कार्यकाल से भी अवगत कराया गया। इसी तरह रेलवे स्कूल बीएमवाई में स्कूली छात्र- छात्राओं को 50 मेगावाट सोलर प्रोजेक्ट भिलाई का दौरा कराया गया एवं दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में विधुत ट्रैक्शन सप्लाई की जानकारी प्रदान की गई। विगत तीन वर्ष 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 में क्रमशः 75.289 किलोमीटर, 38.541 किलोमीटर एवं 70.198 किलोमीटर विद्युतीकरण का कार्य रायपुर डिवीज़न मे पूर्ण किया गया, जो की दिसम्बर 2024 मे अंतागढ़-ताड़ोकी सेक्शन चार्ज होने से पूर्ण हुआ ड्ड पहले सेक्शन को 1×25 केवी से उर्जित किया जाता था, परन्तु रेल्वे बोर्ड के दिशानुशार भानुप्रतापुर-ताड़ोकी सेक्शन को नवीनतम टेक्नोलॉजी 2×25 केवी से उर्जित किया गया हे।

पिछले दस वर्षो में शत प्रतिशत ऊपरी उपस्कर विद्युतीकरण के कारण 7 करोड़ लीटर डीजल एवं 5 करोड़ किलोग्राम कार्बन उत्सर्जन कम किया गया है।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354